12- APR- BSP- P-1_Layout 1 4/10/2025 4:58 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 40.1 डिग्री

न्यूनतम 23.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 13 अप्रैल 2025






## खबर संक्षेप

### वेंकटेश परिसर में मरीजों का नि:शुल्क इलाज आज

**बिलासपुर।** सरकंडा सुभाष चौक स्थित वेंकटेश परिसर में रविवार 13 अप्रैल को मरीजों का नि:शुल्क इलाज एवं दवा वितरण किया जाएगा। पूर्व सीएमओ डा. राजेश शुक्ला, एमडी मेडिसीन डॉ. बी आर होतचंदानी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निकिता जायसवाल सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12. 30 बजे तक मरीजों को नि: शुल्क परामर्श देंगे। आयोजन समिति ने शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### बदली के बाद भी तापमान में गिरावट नहीं

**बिलासपुर।** आसमान में बादल छा जाने के बाद भी शहरवासियों को भीषण गर्मी व धूप से निजात नहीं मिल पा रही है। शनिवार को शहर में 40.1 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया, जो प्रदेश में तीसरा सबसे अधिक रहा।

# अगले तीन महीने में सड़कों पर दौड़ेंगी 35 मीडियम और 15 मिनी ई-बसें

- 2500 किलोवॉट का विद्युत सब स्टेशन, ई चार्जिंग प्वाइंट, सर्विस सेंटर बन रहा
- कोनी डीपो में एक बड़ा गार्डन भी बनाने की तैयारी, वर्कशाप भी बनाया जा रहा
- हर 3 महीने में संचालन का हिसाब देना होगा, थर्ड पार्टी ऑडिट अनिवार्य होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



खास खबर

शहर में अगले तीन महीने में ई-बस सेवा शुरू हो जाएगी। कोनी डिपो में बिजली सब स्टेशन और चार्जिंग पॉइंट बनाने के लिए करीब 14 करोड़ की राशि राज्य शासन से मिल गई है। इसका काम जल्द शुरू होगा। इसके साथ ही निगम ने अविनाश बिल्डकान को 6 करोड़ का ठेका भी दे दिया है। इसमें यात्री प्रतिक्षालय, पार्किंग और वर्कशाप बनाए जाएंगे। कोनी स्थित डीपो में एक बड़ा गार्डन भी बनाने की तैयारी है। इसके साथ ही एक छोटा प्लांट भी बनेगा। खास बात है कि ई बसों के संचालन और दूसरी व्यवस्थाओं में जो भी खर्चा होगा उसके लिए अलग से एकाउंट खोला गया है। आय-व्यय का पूरा हिसाब रखना होगा और पूरी रिपोर्ट केन्द्र को देनी होगी। प्रोजेक्ट के तहत मिलने वाली राशि का थर्ड पार्टी ऑडिट अनिवार्य होगा, जिससे पूरी पारदर्शिता रहे। हर तीन महीने में बसों के संचालन का हिसाब-किताब भी देना होगा।

गौरतलब है कि देश भर में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए बनाई गई पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत बिलासपुर को शामिल कर 50 ई-सिटी बस स्वीकृत की गई थी। इस संदर्भ में केंद्रीय स्वीकृति एवं संचालन कमेटी की बैठक आयोजित की गई थी। शहरों से प्राप्त प्रोजेक्ट के विश्लेषण के बाद मार्च में बिलासपुर सहित देश के कुछ और शहरों को स्वीकृति प्रदान की गई है। निगम अधिकारियों के मुताबिक पूरे काम के लिए टेंडर कर दिया गया है। जल्द ही अनिवाश बिल्डकान को वर्कआर्डर भी जारी कर दिया जाएगा। पूरे काम के लिए 6 महीने का समय तय किया गया है। उससे पहले अगले तीन महीने में सिटी बस शहर में दौड़नी शुरू हो जाएंगी क्योंकि बिलासपुर में निगम के पास पहले से ही कोनी में डीपो है।

### इलेक्ट्रिकल कार्यों पर खर्च होंगे 5 करोड़

सिटी बसों को चार्ज करने के लिए ई चार्जिंग प्वाइंट, सर्विस सेंटर और 2500 किलोवॉट के सब स्टेशन की स्थापना की जानी है। केंद्र और राज्य सरकार के अंशदान से फंड उपलब्ध होगा। अधिकारियों के मुताबिक इलेक्ट्रिकल कार्यों पर करीब 5 करोड़ खर्च होंगे, जिसकी पूर्ति केंद्र से होगी। चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए निगम से सीएसईबी को एक करोड़ 96 लाख का भुगतान भी कर दिया गया है। वहीं सिविल वर्क में आने वाले करीब 10 करोड़ के व्यय के लिए केंद्र और राज्य की हिस्सेदारी क्रमश: 70 और 30 फीसदी रहेगी। राशि से 11 चार्जिंग पॉइंट, प्लेटफार्म, सर्विसिंग सेंटर, कार्यालय भवन आदि का निर्माण होगा।

### एक पाइंट में पांच बसें होंगी एक साथ चार्ज

सिटी बस सर्विस के नोडल अधिकारी अनुपम तिवारी ने बताया कि ई-सिटी बस के संचालन के लिए 11 चार्जिंग पॉइंट और बिजली सब स्टेशन कोनी डिपो में बनाया जाएगा। एक पॉइंट में 5 बस एक साथ चार्ज हो सकेंगी। शहरों में बस डिपो जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए केंद्र सरकार से फंड मिला है। योजना के तहत फिलहाल छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग-भिलाई को सिटी बस मिलेंगी। योजना के तहत रायपुर को 100, बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई को 50-50 बसें और कोरबा को 40 बस दी जाएंगी। योजना में केंद्र सरकार शहरों को बसों की खरीदी, उनके संचालन के लिए वित्तीय सहायता देगी।

### 35 मीडियम, 15 मिनी ई-बसें चलेंगी

प्रोजेक्ट के तहत दिए जाने वाले पैसे का थर्ड पार्टी ऑडिट अनिवार्य होगा, जिससे पूरी पारदर्शिता रहे। पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत हर तीन महीने में बसों के संचालन का हिसाब-किताब देना होगा। बसें कितने किलोमीटर चल रही हैं मेंटनेंस के लिए भी उसी हिसाब से पैसे मिलेंगे। तीन तरह की बसें स्टैंडर्ड, मीडियम और मिनी चलाई जाएंगी। इसके लिए शहरों को जनसंख्या के आधार पर चार श्रेणियों में बांटा गया है। 20 से 40 लाख तक की आबादी वाले शहरों को 150, दस से बीस लाख और पांच से दस लाख तक की आबादी वाले शहरों को 100-100, पांच लाख से कम आबादी वाले शहरों को 50 ई-बसों की पात्रता थी है।

### सिविल वर्क में साढ़े आठ करोड़ खर्च होंगे

सिटी बसों को चार्ज करने के लिए ई चार्जिंग प्वाइंट, सर्विस सेंटर और 2500 किलोवॉट के विद्युत सब स्टेशन की स्थापना की जानी है। इलेक्ट्रिकल कार्यों पर करीब साढ़े तीन करोड़ तो सिविल वर्क में साढ़े 8 करोड़ का खर्चा आएगा। इसमें 11 चार्जिंग पॉइंट, प्लेटफार्म, सर्विसिंग सेंटर, कार्यालय भवन आदि का निर्माण होगा। टेंडर कर दिया गया है। बिलासपुर में पहले से ही कोनी में बस डीपो है इसलिए चार्जिंग पॉइंट बनाकर भी बसों का संचालन आसानी से शुरू किया जा सकता है।

- **अनुपम तिवारी**, नोडल अधिकारी, सिटी बस सेवा

खड़ी मालगाड़ी पर चढ़कर पटरी पार कर गया युवक, प्लेटफार्म पर रोज दिख जाएंगे ऐसे नजारे



# न जान की परवाह, न कानून का खौफ

**बिलासपुर।** प्लेटफार्म पर खड़ी ट्रेन के दो डिब्बों के बीच से चढ़कर पटरी पार करने का नजारा अब बिलासपुर स्टेशन में आम हो चला है। ऐसे लोग अपनी जान को तो दांव पर लगा ही रहे हैं, वहीं ओवरब्रिज से आवागमन करने वालों को भी एक ऐसा करके पटरी पार करने हेतु प्रेरित कर रहे हैं।

बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म में एक ऐसा ही नजारा देखने को मिला। कोयले से लदी मालगाड़ी के दो डिब्बों के बीच चढ़कर एक व्यक्ति को पटरी पार करते देखा गया। इस दौरान उस व्यक्ति को आसपास खड़े अन्य यात्रियों ने ऐसा नहीं करने की समझाईश भी दी, लेकिन शार्टकट के चक्कर में उसने किसी की बात नहीं सुनी। पहले वह मालगाड़ी के दो डिब्बों के बीच चढ़ा व मालगाड़ी को पार किया। इसके बाद मालगाड़ी से उतरकर पटरी को पार कर दूसरे प्लेटफार्म तक पहुंच गया। ऐसा बिल्कुल नहीं है कि उसके ऐसा करने के दौरान प्लेटफार्म पर जीआरपी या आरपीएफ के जवान न रहे थे। रेलवे के अधिकारियों व जवानों की मौजूदगी में भी लोग इस तरह की हरकत करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा करना न केवल अपनी जान जोखिम में डालना है, बल्कि रेल्वे द्वारा बनाए गए नियमों की भी सरासर अवहेलना है।

# मृत्यु के 17 साल बाद मृतक के नाम का पावर ऑफ अटर्नी बनाकर बेच दी आधा एकड़ जमीन, 14 पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- कोर्ट के आदेश पर पुलिस में मामला दर्ज

कोर्ट के आदेश पर मृत्यु के 17 साल बाद मृतक के नाम का पावर ऑफ अटर्नी बनाकर आधा एकड़ जमीन को बेच दी गई। पुलिस ने फर्जीवाड़ा करने वाले 14 लोगों को धोखाधड़ी व एट्रोसिटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बहतराई निवासी मेलाराम सोनवानी की पिता केकाड़ीराम सोनवानी के नाम बहतराई खसरा नम्बर 363/5 आधा एकड़ जमीन थी। 8 मई 2005 को केकाड़ीराम सोनवानी की मृत्यु हो गई। उनका एक बेटा मेलाराम व बेटी कुमारी बाई है। त्रुटिवश केकाड़ीराम के मृत्यु प्रमाण पत्र पर मृत्यु की तिथि 5 अगस्त 2005 लिख गई थी। उनकी मृत्यु के 17 साल बाद 12 अक्टूबर 2021 को नवीन शुक्ला नामक व्यक्ति फर्जी केकाड़ीराम बनकर उक्त जमीन का पावर ऑफ अटर्नी बना लिया और 5 जुलाई 2022 को अपने भतीजे प्रांजल शुक्ला के नाम पर पावर ऑफ अटर्नी बनवा दिया। उसके दूसरे दिन 6 जुलाई 2022 को नवीन शुक्ला की मृत्यु हो गई। प्रांजल शुक्ला ने उक्त जमीन को अपने नाम में कराने बाद अपनी पत्नी के नाम पर चढ़वा दिया। उसके बाद नगर निगम के अधिकारी राजेश देवांगन व अन्य से सांठगाठ कर उक्त जमीन को शासन को बेचकर पैसा ले लिया। उसके बाद प्रांजल शुक्ला ने दिनेश सरिया, विशाल सराफ का मेलाराम सोनवानी से जमीन बेचने का इकरारनामा कराकर उन्हें मात्र 21 हजार रुपए दिया गया है। बाद में फर्जीवाड़ा की जानकारी होने पर मेलाराम सोनवानी ने थाने में शिकायत की। कार्रवाई नहीं होने पर उन्होने कोर्ट में परिवाद पेश किया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मेलाराम सूर्यवंशी की ओर से प्रांजल शुक्ला, दिनेश सरिया सहित 14 लोगों के खिलाफ 120 बी, 193, 419, 420, 467, 468, 471, 3, 1 पी, 3, 1 क्यू, 3, 2, 4 एट्रोसिटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# रेलवे स्टेशन में बदइंतज़ामी से यात्री हो रहे परेशान

**बिलासपुर।** देश भर में शनिवार को तकनीकी दिक्कतों के चलते यूपीआई पेमेंट मोड खस्ताहाल रहा, इसका सीधा असर ट्रेनों से सफर करने वाले यात्रियों पर पड़ा। दरअसल डिजीटल पेमेंट के हवाला देते हुए रेलवे ने स्टेशनों से कैश काउंटर हटा दिए हैं, जिसके चलते ज्यादातर काउंटरों में ऑनलाइन भुगतान ही स्वीकार किए जा रहे हैं। यही कारण है कि शनिवार को जोनल के सबसे बड़े रेलवे स्टेशन में टिकट के लिए मारामारी मची रही। यह हाल दिन भर जारी रहा। कई यात्रियों को ट्रेन तक छोड़ना पड़ गया।



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सबसे बड़े रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों को बुनियादी सुविधाओं के लिए खासी मशक्कत उठानी पड़ रही है। टिकट काउंटरों की सीमित संख्या और अधिकारियों की भर्राशाही के चलते यात्रियों को शनिवार को समय पर टिकट तक नहीं मिल सका और कई यात्रियों को अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी। दरअसल डिजीटलीकरण के चलते स्टेशन पर 4 काउंटर में से 3 में यूपीआई मोड से ही भुगतान स्वीकार किया जाता है। शनिवार को यूपीआई सर्वर में तकनीकी खराबी आई, जिसके चलते फोन यूजर्स के यूपीआई भुगतान ठप पड़ गए। ऐसे में रेलवे के काउंटर में भी भुगतान नहीं हो सका। जिसके चलते लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस दौरान एक ही काउंटर में कैश से भुगतान स्वीकार किया जाता रहा, लेकिन वहां भीड़ बढ़ने के कारण आपाधापी मची रही। वहीं उस्लापुर स्टेशन में एक भी कैश काउंटर नहीं है। तीनों काउंटर में ऑनलाइन भुगतान ही स्वीकार किए जाते हैं। ऐसे में बुजुर्ग, मजदूर वर्ग के लोगों को भुगतान करने में खासी दिक्कतें आती है। लोग ऐसी गैर जरूरी व्यवस्था से तंग आ रहे हैं और रेलवे की अनदेखी के चलते यात्रियों का हाल बेहाल हो रहा है।

## आरटीई के तहत स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि समाप्त

# 12 दिन बंद रहा पोर्टल फिर भी 88 हजार आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत जरूरतमंद बच्चों को एडमिशन देना होता है। इस साल भी प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसमें शुरू से ही पैरेंट्स को कुछ न कुछ परेशानी का सामना करना पड़ ही रहा है। इस वर्ष 1 मार्च से पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन एक दिन के बाद ही यह बंद हो गई। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारिख 31 मार्च थी लेकिन आवेदनों में आ रही त्रुटि का हवाला देते हुए 12 दिनों से यह पोर्टल बंद रहा। इसके बाद पोर्टल पर दोबारा आवेदन की प्रक्रिया शुरू हुई लेकिन कई छात्र आवदेन नहीं कर सके। हालांकि बाद में आवेदन की तिथि को 8 अप्रैल तक जरूर बढ़ाया गया।




इस वर्ष आरटीई के तहत प्रवेश के लिए काफी ज्यादा आवेदन आ रहे हैं। ध्यान रहे कि बिलासपुर सहित सभी जिलों में प्रवेश प्रकिया 33 जिलों के 6732 स्कूलों के लिए चल रही है। अब तक 88 हजार से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। जबकि सीटों की संख्या 51 हजार के आस-पास है। छात्रों के आवेदन की पहले स्क्रूटनी और दस्तावेजों की जांच होगी। उसके बाद ही उन्हें लॉटरी सिस्टम में शामिल किया जाएगा।

### साथ-साथ दस्तावेजों का सत्यापन भी

आरटीई के तहत प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन करने की तारीख बढ़ा दी गई है। विभाग के जानकारों का कहना है कि तारीख बढ़ाने से शेड्यूल में कुछ ज्यादा असर नहीं होगा। 1 अप्रैल से जो भी आवेदन आएंगे, इसमें कोशिश की जाएगी कि इन सभी आवेदनों और दस्तावेजों का भी सत्यापन भी साथ-साथ किया जाए। ताकि लॉटरी की प्रकिया में सभी को अवसर दिया जा सके।

### आवेदनों में देरी से शेड्यूल पिछड़ना तय

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में दो चरणों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी है। तय शेड्यूल के अनुसार पहले चरण में 30 मई तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करना है। दूसरे चरण के लिए 20 जून से 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन मंगाए जाएंगे। 31 जुलाई तक छात्र प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी है। लेकिन आवेदनों में हो रही देरी की वजह से शेड्यूल पिछड़ना तय है।

### स्क्रूटनी और दस्तावेजों की जांच होगी

शिक्षा के अधिकार के तहत इस बार सीटों की संख्या 51 हजार के आस-पास है। छात्रों के आवेदन की पहले स्क्रूटनी और दस्तावेजों की जांच होगी। उसके बाद ही उन्हें लॉटरी सिस्टम में शामिल किया जाएगा।

- अनिल तिवारी
जिला शिक्षा अधिकारी





Bajpai Buildcon
A Luxurious Lifestyle...
with the Essence of Royalty
You just can't miss the glorious opportunity to own a home
at Near Uslapur Railway Station, Bilaspur
RSPL
भव्य शुभारंभ
श्रीमती स्वदेश रिछारिया
के कर कमलों से
14 अप्रैल 2025, शाम 7 बजे
आप सभी सादर आमंत्रित है
A project by : Bajpai Buildcon india (P) Ltd./ Rituraj Steel (P) Ltd.
Bajpai's
RSR APARTMENT
48 AFFORDABLE 2BHK FLATS
Alka Avenue : Uslapur, Bilaspur
स्व. रविशंकर रिछारिया
की स्मृति में निर्मित
अलका एवेन्यू में घर वो भी 25 लाख से कम में
अफोर्डेबल हाउसिंग 2.65 लाख तक की सरकारी सब्सिडी*
शहर की सबसे शांत और ग्रीन कॉलोनी
उसलापुर स्टेशन के एकदम पास
3000 से ज्यादा संतुष्ट कस्टमर
अल्का एवेन्यू में प्लॉट उपलब्ध 1600, 1760, 1815, 1980, 2520, 3150 Sqft.
READY FOR POSSESSION
Our Completed Projects
Hotel East Park
Agresan Chowk, Bilaspur
Chandra Park
Near Brahaspati Bazar
Siddhivinayaka Heights
Civil Lines
Bajpai Chambers
Rajendra Nagar Chowk
H.N. Bajpai Tower
Madhyanagari Chowk
Parijat Heights
Parijat Extension, Nehru Nagar
Parijat Extension
Nehru Nagar
Parijat Castle
- Ring Road, No. 2
Jagnnathpuram
Rajkishore Nagar
Rohni Vihar
Behind Green Park Colony
Bajpai Castle
Minocha Colony
OUR PARTNERS IN THE PROJECT
Architect : Ar. Shyam Shukla
PROJECT ENGINEER: ASHOK TIWARI
OVERALL SUPERVISION (PMC) : M/S KING KALIS DEVELOPERS, PH - 8319071268
MATERIAL
EARTH WORK: MUNNA THAKUR
TILES: RUPALI TILES
PAINT: BHARAT PAINT
WINDOW: VEE R VEE BROS.
DOOR: SANKAT MOCHAN
PLUMBING: KAPASI TRADERS
CONCRETE: ACM READY MIX
GRILL: SATYA ENGINEERING
DOOR FRAMES: ANNAPURNA INDUSTRIES
METAL: SARKAR MINERALS
SAND: JAI MALI
GRANITE: KALYAN STONES
CEMENT: RADHESHYAM TRADERS & DURGA TRADERS
STEEL: BALAJI STEELS &B.R. TRADERS
BRICK: SIDDHI VINAYAK INDUSTRIES & RAMJI FLYASH BRICKS
ELECTRICAL: KAPASI SALES
CONTRACTORS
CIVIL: ROHIT RAJPUT, KARAN SINGH, RAJU BRINDA
PAINTING: RAMAKANT, ASHWANI
TILES: RAHUL DARJI, M/S RISHABH SINGH
PLUMBER: GOPI SURYAWANSHI
ELECTRICIAN: RAJU JAISWAL, ISHWAR SAHU
MAIN LINE: M/S SANJAY AGRAWAL
CORE CUTTING: SANJU MAHENDRA, RAM KUMAR
LAND SCAPE: JANTA NURSERY, NOOR AHAMAD
RSPL
BAJPAI BUILDCON INDIA (P) LTD.
Alka Avenue, Near Uslapur Rly. Station, Bilaspur (C.G.)
Mob.: 9039144615, 7024761441
SCAN FOR LOCATION

## खबर संक्षेप

### छग राज्य विधिज्ञ परिषद चुनाव के लिए हाईकोर्ट परिसर में मतदान स्थल बनाएं

**बिलासपुर।** छग राज्य विधिज्ञ परिषद के आगामी चुनाव में उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के अधिवक्ताओं के लिए उच्च न्यायालय परिसर में ही मतदान स्थल बनाने की मांग छग उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ ने की है। संघ के सचिव वरुणेन्द्र मिश्रा ने छग राज्य विधिज्ञ परिषद की विशेष समिति को लिखे अपने पत्र में बताया कि वर्तमान में छग उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ में लगभग 4200 सदस्य पंजीकृत हैं। अधिकांश सदस्य छग उच्च न्यायालय में विधि व्यवसायरत हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में हुए छग राज्य विधिज्ञ परिषद के निर्वाचन में इस संघ के सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जिला अधिवक्ता संघ बिलासपुर जाते थे। चूंकि मतदाताओं की संख्या अत्याधिक होने के कारण एवं जिला न्यायालय परिसर बिलासपुर में अव्यवस्था हो जाती है। साथ ही यहां पंजीकृत सदस्यों को कठियानाइयों का सामना करना पड़ता है। उक्त स्थिति को देखते हुए उच्च न्यायालय परिसर में उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के सदस्यों के लिए मतदान स्थल बनाया जाना उचित होगा। श्री मिश्रा ने उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के अनुरोध को स्वीकार करते हुए परिषद के चुनाव के लिए छग उच्च न्यायालय परिसर में ही मतदान स्थल बनाने की मांग की है।

### 7 दिवसीय निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर कल से

**बिलासपुर।** आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म संस्थान द्वारा 7 दिवसीय निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर का 14 से 20 अप्रैल तक किया जा रहा है। शिविर का आयोजन प्रतिदिन सुबह 10.30 से शाम 6.30 बजे तक किया जाएगा। इस शिविर में सभी प्रकार के वातरोग जिनमें आमवात (गठियावात), पक्षाघात (लकवा), अर्दित (चेहरे का लकवा), संधिवात (जोड़ों का दर्द), लम्बर स्पॉण्डिलायटिस (सायटिका), स्पाण्डोलायटिस (गर्दन व कमर का दर्द), कंधे, एड़ी दर्द, कंपवात आदि सभी रोगों की चिकित्सा परामर्श आयुर्वेद चिकित्सकों एवं विशेषज्ञ द्वारा दिया जाएगा। साथ ही सभी प्रकार के मुंहासे, काले-सफेद दाग, सोरायसीस (एककुष्ठ), आर्टीकेरिया (शीतपित्त), एक्जीमा, कण्डू (खुजली), फंगल इंफेक्शन, स्कैल्प सोरायसीस (सिर से पपड़ियों का निकलना), डैण्ड्रफ, बालों का झड़ना आदि के लिए चिकित्सा परामर्श दिया जाएगा। शिविर में डॉ. मनोहर जी टेकचंदानी, सेनि जिला आयुर्वेद अधिकारी, डॉ. विमल शर्मा, डॉ. किरण वर्मा (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. मोनिष्का शर्मा, डॉ. चंचला तिवारी एवं संस्था के संस्थापक डॉ. मनोज चौकसे अपनी सेवाएं देंगे। डॉक्टर चौकसे ने बताया कि इससे पहले भी समय-समय द्वारा संस्थान द्वारा लोगों के कल्याण के निशुल्क शिविर लगाकर सेवाएं की जा चुकी है। जिसका हमें अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

# शहर महिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी गठित, सारे पुराने चेहरे बदले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी में नए चेहरों को शामिल किया गया है। इस नई कार्यकारिणी में नए ब्लॉक अध्यक्ष सहित 41 लोगों को शामिल किया गया है। इसी तरह विशेष आमंत्रित सदस्य में 23 और सदस्य के रूप में 7 महिलाओं को स्थान दिया गया है।

■ महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने जारी की नई सूची

प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद फूलो देवी नेताम के निर्देश पर बिलासपुर शहर महिला कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष पिंकी निर्मल बत्रा ने शहर महिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। इसमें पुराने सारे चेहरों को बदल दिया गया है और नए चेहरों को कार्यकारिणी में जगह दी गई है। शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने शहर कार्यकारिणी में 41 महिलाओं को स्थान दिया है। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में 23 महिलाओं को शामिल किया गया है तथा 7 महिलाओं को सदस्य बनाया गया है। इसी तरह महिला कांग्रेस में किरण धुरी, अंजनी बहोते, सुदेश नंदिनी, अनुराधा राव को उपाध्यक्ष बनाया गया है। ब्लॉक एक महिला अध्यक्ष पुष्पा शर्मा, ब्लॉक दो अध्यक्ष वहीदा बेगम, ब्लॉक तीन अध्यक्ष संगीता कश्यप, ब्लॉक चार अध्यक्ष सुनीता सोनवानी को बनाया गया है। इसके अलावा कोषाध्यक्ष के रूप में पूर्व पार्षद स्वर्णा शुक्ला को शामिल किया गया है।

### विशेष आमंत्रित सदस्य में कमला, इंग्रिड, रितु, शिल्पी शामिल

शहर महिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी में पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती कमला मनहर, इंग्रिड मैक्लाउड, श्रीमती रितु शैलेष पांडेय, शिल्पी तिवारी, शहजादी कुरैशी, हमीदा खान, आमना खान, रिचा जायसवाल, अलका शर्मा, संध्या तिवारी, अनिता लव्हात्रे, जयश्री शुक्ला, गायत्री कश्यप सहित अन्य महिलाओं को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इस कार्यकारिणी में 13 महामंत्री, 12 सचिव और 6 संयुक्त सचिव बनाए गए हैं।

### पूरी नई टीम बनाई गई

शहर महिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित की गई है। इसमें पुराने लोगों को बदल दिया गया है और नए लोगों को शामिल किया गया है। शहर महिला कांग्रेस की पूरी नई टीम बनाई गई है।

-श्रीमती पिंकी निर्मल बत्रा
अध्यक्ष, शहर महिला कांग्रेस

# श्री पद्माक्षी ग्लोबल स्कूल में ग्रेजुएशन डे का आयोजन






**बिलासपुर।** श्री पद्माक्षी ग्लोबल स्कूल बिलासपुर में प्री-प्राइमरी के बच्चों के लिए ग्रेजुएशन डे का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. सूर्यांश तिवारी, डॉ. उत्कर्ष तिवारी, शाला के डायरेक्टर डॉ. विनोद तिवारी, डॉ. संजना तिवारी, शाला की प्राचार्या श्रीमती श्वेता सिंह उपस्थित रहे। उनका स्कूल आगमन विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए गौरवपूर्ण क्षण था।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। बच्चों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना, समूह नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों का यह आत्मविश्वास, मंच पर उनकी प्रस्तुति और विद्यालय की ओर से दिया जा रहा संस्कारात्मक शिक्षा भविष्य में उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाएगा। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए बधाई दी। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. विनोद तिवारी एवं डॉ. संजना तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा उद्देश्य केवल शिक्षण ही नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें नैतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से भी समृद्ध बनाना है। शाला की प्राचार्या ने नन्हें बच्चों के आत्मविश्वास की सराहना की एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में आए सभी बच्चों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और ग्रेजुएशन कैप पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति से आयोजन और भी गरिमामय बन गया। अतिथियों ने आयोजन की जमकर सराहना की।

# उसलापुर में आरएसआर अपार्टमेंट का शुभारंभ कल







**बिलासपुर।** यदि आप एक सुंदर, सुरक्षित और किफायती घर की तलाश में हैं, तो अब इंतजार खत्म होने वाला है। बाजपेयी बिल्डकॉन इंडिया प्रा. लिमिटेड और ऋतुराज स्टील प्रा. लिमिटेड ला रहे हैं शानदार आवासीय परियोजना – आरएसआर अपार्टमेंट', जो अल्का एवेन्यू उसलापुर रेलवे स्टेशन के पास और 37 मॉल के समीप स्थित है। इस प्रोजेक्ट का भव्य शुभारंभ 14 अप्रैल सोमवार को शाम 7 बजे फीता काटकर स्वदेश रिछारिया के हाथो और भव्य आयोजन के साथ किया जाएगा। यह प्रोजेक्ट स्व. रविशंकर रिछारिया की स्मृति में निर्मित किया गया है, जो इसे एक भावनात्मक और प्रेरणादायक पहल बनाता है। आरएसआर अपार्टमेंट हर आम नागरिक के सपनों का घर हो सकता है। यहां 48 आधुनिक 2 बीएचके फ्लैट्स उपलब्ध हैं, जिसकी कीमत 25 लाख से कम से शुरू है। साथ ही, ग्राहकों को 2.65 लाख तक की सरकारी सब्सिडी का लाभ भी मिल रहा है। परियोजना का सबसे बड़ा आकर्षण इसकी लोकेशन और खुला हरा भरा वातावरण है। भरपूर ओपन स्पेस के साथ यह प्रोजेक्ट निवासियों को खुलापन, हरियाली और स्वच्छ वातावरण प्रदान करता है। नए बिलासपुर रेलवे स्टेशन के रूप में डेवलप होते उसलापुर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित यह प्रोजेक्ट बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधाओं से भरपूर है। साथ ही साथ ये शहर के अंदर निर्माणाधीन एकलौती मेगा रेसिडेंशियल सोसाइटी है। इसके अलावा अलका अवेन्यू में विभिन्न साइज के सीमित प्लॉट्स भी उपलब्ध हैं जो 1600, 1760, 1815, 1980, 2520 और 3150 वर्गफुट तक के हैं। हर परिवार अपनी जरूरत के अनुसार इसे ले सकते हैं। अलका एवेन्यू की चौड़ी सड़के हरा भरा वातावरण बरबस ही लोगो को अपनी और आकर्षित कर लेता है। जिसकी वजह से आस पास से लोग यहां मॉर्निंग वॉक करना बहुत पसंद करते हैं। बाजपेयी ग्रुप की विश्वसनीयता की गवाही 3000 प्लस संतुष्ट ग्राहक और पूर्व की सफल परियोजनाएं देती हैं। जैसे होटल ईस्ट पार्क, चंद्रा पार्क, पारिजात एक्सटेंशन, सिद्धिविनायक हाइट्स, बाजपेयी चेंबर्स, एचएन बाजपेयी टावर, परिजात हाइट्स, पारिजात कैसल, बाजपेयी कैसल, बाजपेयी पवेलियन, बाजपेयी एम्बेसी, जगन्नाथपुरम, रोहिणी विहार, एबी कैसल, वाइल्ड रिसोर्ट और क्लब रॉयल पार्क आदि हैं।

# मार्क हास्पिटल में डीएनबी यूरोलॉजी प्रशिक्षण शुरू




**बिलासपुर।** मार्क हास्पिटल को नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन्स (एनबीई) द्वारा डिप्लोमा आफ नेशनल बोर्ड (डीएनबी) यूरोलॉजी कोर्स संचालन करने की मान्यता प्राप्त हुई है। मान्यता मिलने वाला मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का यह तीसरा हास्पिटल है। डीएनबी यूरोलॉजी कोर्स 3 साल का होता है, जिसे पोस्ट ग्रेजुएशन (एमएस) करने के बाद किया जा सकता है।

मार्क हास्पिटल के डायरेक्टर और वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ. कमलेश मौर्य ने बताया कि हम वर्षों से केवल इलाज कर रहे थे, अब हम भविष्य के डॉक्टर्स भी तैयार करेंगे। हमारा सपना था कि छत्तीसगढ़ मेडिकल एजुकेशन और इलाज का सबसे बड़ा सेंटर बने। आज इस ट्रेनिंग सेंटर के साथ उसकी नींव भी रखी गई है। डॉ. मौर्य ने बताया कि छत्तीसगढ़ के युवाओं को सुपर स्पेशलिटी पढ़ाई के लिए महानगरों में भटकना नहीं पड़ेगा। ऐसे कठिन और उच्च स्तर के कोर्स अब उन्हें बिलासपुर में उपलब्ध हो रहा है। यह छत्तीसगढ़ का पहला ऐसा हास्पिटल है, जिसे डीएनबी की दो सीटें मिली है। जबकि रायपुर के एम्स अस्पताल के एक ही सीट है। पूरे भारत में 122 सीटें ही उपलब्ध हैं। हमारा अगला कदम एमसीएच और एम्स स्तर की ट्रेनिंग सुविधाएं लाना है। जिससे की छत्तीसगढ़ से हर साल देश के श्रेष्ठ यूरोलॉजिस्ट निकल सके। मार्क हास्पिटल न सिर्फ चिकित्सा के क्षेत्र में बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी सदा आगे रहा है। यहां पहले भी एनेस्थीसिया विभाग में डीएनबी की मान्यता दी जा चुकी है।

### मार्क हास्पिटल यूरोलॉजी एवं सर्जरी के क्षेत्र में अग्रणी

डॉ. कमलेश मौर्य ने बताया कि मार्क हास्पिटल यूरोलॉजी और सर्जरी के क्षेत्र में पहले ही अग्रणी है। यहां अत्याधुनिक उपकरणों के साथ स्टेट ऑफ दी आर्ट आपरेशन थियेटर्स की सुविधा उपलब्ध है। जिसमें विभिन्न तकनीकों जैसे लेजर, हॉल्मियम लेजर आदि के द्वारा मिनिमल इनवेसिव सर्जरी यानी छोटे चीरे या बिना चीरे के आपरेशन संभव है। यह सारी सुविधाएं हैं जिनके लिए पहले मरीजों को महानगरों में जाना पड़ता था।

### 30 बिस्तरों से हुई थी सफर की शुरूआत

मार्क हास्पिटल ने अपना सफर 30 बिस्तरों से शुरू किया था जो अब 100 से अधिक बिस्तरों के अस्पताल में परिवर्तित हो चुका है। यहां पर यूरोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया के द्वारा 1 साल का पोस्ट ग्रेजुएशन (एमसीएच) प्रोग्राम कर चुके छात्रों के लिए फेलोशिप करने की मान्यता भी दी गई है। मार्क हास्पिटल में आर्गन ट्रांसप्लांट सोसाइटी के द्वारा किडनी ट्रांसप्लांट की अनुमति भी दी गई है, जो बिलासपुर और छत्तीसगढ़ के मरीजों के लिए महत्वपूर्ण बात होगी। यहां डायलिसिस का भी बड़ा सेंटर है, जो किडनी रोगियों के लिए वरदान साबित होगा।



12 APRIL- BSP-PG-4_Layout 1 4/13/2025 12:46 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### नि:शुल्क योग शिविर में विद्यार्थियों ने सिखाए योगासन और प्राणायाम



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा कंपनी गार्डन में 10 अप्रैल गुरुवार को नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, मुद्राएं एवं प्राणायाम की विधियां सिखाई गईं। एयू के कुलपति प्रो. अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी, डॉ. गौरव साहू के मार्गदर्शन में जनजन तक योग एवं डॉ. मोनिका पाठक विशेष मौजूद रहीं। यहां श्वेता यादव, रुचिका अग्रवाल, पूजा कुक्रेजा, मुनमुन, अनीशा, सरस्वती, शालू, अंशिका एवं मुनमुन केसरी, प्रणव विश्वकर्मा, शिवाक्ष तृषा ने विशेष योग प्रदर्शन किया। श्वेता, सुमन, अनंत ने भी प्रतिभागियों को योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। इस दौरान डॉ. मोनिका ने कहा कि नियमित योग अभ्यास से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। मानसिक शांति प्राप्त होती है एवं संपूर्ण स्वास्थ्य में सुधार होता है। शिविर में बड़ी संख्या में योग प्रेमियों ने भाग लिया।

### विकलांग विमर्श विषय को लेकर राष्ट्रीय संगोष्ठी मई में



**बिलासपुर।** अमरनाथ शताब्दी समारोह समिति बिलासपुर थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार एवं विकलांग चेतना परिषद के संयुक्त तत्वावधान में विकलांग विमर्श – परम्परा और विकास विषय सत्रहवीं राष्ट्रीय संगोष्ठी 12 मई को आयोजित की जाएगी। इस संदर्भ में बैठक सत्संग भवन कृष्णा नगर बिलासपुर में संपन्न हुई। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के सिलसिले में संयोजक डा. विनय कुमार पाठक ने बताया कि शोध संगोष्ठी में प्राध्यापक, समीक्षक, शिक्षाविद, शोधार्थी, विद्यार्थी व समाजसेवी, चिंतक आमंत्रित हैं। बैठक में अनिरुद्ध सिंग परिहार, हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस चंद्रभूषण वाजपेयी, डा. एके यदु, मदनमोहन अग्रवाल, डा. श्रीधर गौरहा , डा. राघवेंद्र दुबे, डा. विवेक तिवारी, डा. दीनदयाल यादव, डा. बजरंग बली शर्मा, शीतल पाटनवार, राजेश सोनार, डीपी गुप्ता, रमेश चन्द्र श्रीवास्तव , राजेंद्र राजू शिवप्रताप साव, डॉ.विष्णु तिवारी, अवनीश साव, आशीष गुप्ता, राजेन्द्र पुप्ता डा. केके भंडारी, संतोष गुप्ता, देवनारायण कश्यप, प्रवीण गुप्ता, डा. गीता तिवारी, अंजनी तिवारी, महेंद्र गुप्ता, लक्ष्मीकांत गुप्ता, रमाकांत मिश्रा आदि सदस्य मौजूद थे।

### संजीवनी टीम ने वेयर हाउस स्मार्ट रोड में खोला प्याऊ




**बिलासपुर।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए संजीवनी टीम द्वारा वेयरहाउस स्मार्ट रोड में आम लोगों के लिए पेयजल के लिए ठंडा मैचों की आवश्यकता ठंडे पानी के लिए मटको की व्यवस्था की गई है। आज इसका शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर नगर सर संचालक प्रफुल्ल शर्मा, डॉ विनोद तिवारी, अरुण और संजय सिंह, अनिल सिंह, शिवानी खरे, आशीष टांडेकर संजीवनी स्टाफ मौजूद थे।

### ग्रीष्मकालीन निशुल्क ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ



**बिलासपुर।** ताइक्वांडो एसोसिएशन बिलासपुर द्वारा निशुल्क ग्रीष्मकालीन ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 11 से 30 अप्रैल तक किया जा रहा है। जिसका आयोजन स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन भारत सरकार व छत्तीसगढ़ खेल प्रोत्साहन कार्यकर्म फिट इंडिया अभियान के तहत की जा रही है। इस शिविर में स्कूल के बालक-बालिका, यूनिवर्सिटी के महिला पुरुष खिलाड़ी, जूनियर, सीनियर बालक बालिका, कैडेट खिलाड़ी सहित 5 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाना है। ताइक्वांडो खिलाड़ी मुकेश पुरी गोस्वामी व टीम ट्रेनर द्वारिका साहू, रोहित साहू व उनकी टीम प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे मार्शल आर्ट सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दे रहे हैं। वहीं 7 से 7.30 बजे तक साधिका तनु पवार द्वारा योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। नए खिलाड़ियों को मार्शल खेल के कीक, पांच, स्टैमिना, इंद्रोरान्स एक्सरसाइज, स्पीड किकिंग आत्मरक्षा के गुण सिखाए जाएंगे। शिविर के बाद सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

### सब जूनियर बालिका टीम के गठन के लिए चयन स्पर्धा भिलाई में आज

**बिलासपुर।** कर्नाटक हैंडबाल संघ द्वारा 39 वीं सब जूनियर बालिका 15 वर्ष से कम राष्ट्रीय हैंडबाल चैंपियनशिप का आयोजन परिवर्तन रेसिडेन्सियल स्कूल श्रीरंगपटना जिला मंड्या कर्नाटक में 30 अप्रैल से 4 मई तक आयोजित किया जा रहा है। इसका आयोजन हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय हैंडबाल चैंपियनशिप में छग राज्य की सब जूनियर बालिका वर्ग की टीम का भाग लेना प्रस्तावित है। इस संबंध में छग राज्य की सब जूनियर बालिका हैंडबाल टीम के गठन के लिए चयन स्पर्धा का आयोजन 13 अप्रैल रविवार को शाम 4 बजे से हैंडबाल काम्पलेक्स सेक्टर 4 भिलाई में आयोजित की जा रही है। इस चयन स्पर्धा में भाग लेने के लिए सब जूनियर बालिका खिलाड़ी की आयु 1 जनवरी 2010 या उसके बाद की होनी चाहिए।

---

**40 किसानों के लिए आया आबंटन** | **इस साल के लिए मिला सौ किसानों का टारगेट**

# सौर सुजला योजना: जिले के तीन सौ किसानों को स्वीकृति का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सौर सुजला योजना अंतर्गत पूर्व में पेंडिंग आवेदन वाले बहुत से किसानों को योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। उस पर 161 किसानों का आवेदन इस बार और आ गया है। इस तरह तीन सौ से अधिक किसानों को सौर सुजला योजना के तहत अपने खेतों में सोलर मोटर पंप लगाने का इंतजार है, जबकि अभी तक केवल 40 किसानों के लिए आबंटन आया है।

सौर सुजला योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा किसानों को सोलर पंप लगाने के लिए सब्सिडी दी जाती है। इस योजना का मकसद, किसानों को सिंचाई के लिए सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप मुहैया कराना है। इससे किसानों की कृषि उत्पादकता बढ़ेगी और बिजली की कमी में भी किसान अपने खेतों के फसलों में पानी सिंचाई कर सकेंगे। लेकिन इस योजना अंतर्गत आवेदन करने वाले किसानों की संख्या अधिक है जबकि शासन से कृषि व क्रेडा विभाग को टारगेट कम मिलता है। वर्ष 2024-25 के लिए सौर सुजला योजना तहत 100 किसानों के खेतों में सोलर पंप लगाने का टारगेट मिला है, जबकि कृषि विभाग के पास 161 किसानों का आवेदन आया है।

वहीं दूसरी तरफ क्रेडा विभाग के पास 192 किसानों का आवेदन पहले से पेंडिंग है। पुराने आवेदन मिलाकर 353 किसानों का आवेदन सोलर पंप लगाने के लिए आया है। इसमें से इस बार अभी तक केवल 40 किसानों के खेतों में सोलर पंप लगाने आबंटन आया है, जबकि उसमें भी 36 किसानों की ही स्वीकृति हो पाया है।

### क्रेडा को भेजा जाता है आवेदन

सौर सुजला योजना के माध्यम से किसान भाई अपने खेतों में, गौठानों में, चारागाहों और गौशालाओं में इस योजना के अंतर्गत सोलर पंप लगाए जाएंगे। अगर किसी किसान को सोलर पंप की आवश्यकता है तो वे सौर सुजला योजना अंतर्गत आवेदन कर सकते हैं। आवेदन कृषि विभाग में किया जाता है और कृषि विभाग द्वारा यह परीक्षण कर कि किसान विभाग के किसी अन्य योजना का लाभ तो नहीं ले रहा है, उसके बाद रजिस्ट्रेशन कर क्रेडा विभाग को आवेदन भेज देता है।

### तीन प्रकार के पंप लगाए जाते हैं

सौर सुजला योजना तहत तीन प्रकार के सोलर पंप लगाए जाते हैं। इसमें टू एचपी सोलर पंप सब्जियों के खेतों के लिए है, जिसकी कीमत 25 हजार रुपए है। थ्री एचपी सोलर पंप छोटे पैमाने पर खेती करने वाले किसानों के लिए है, जिसकी कीमत 2.5 लाख रुपए है। पांच एचपी सोलर पंप धान के किसानों के लिए मददगार है जिसकी कीमत 3 लाख रुपए तक है। इस योजना में किसानों का अंशदान अलग-अलग सोलर पंपों के लिए अलग-अलग अजा-अजजा, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 5 हजार रुपए से लेकर 15 हजार रुपए तक तथा सामान्य वर्ग के लिए 16 हजार रुपए से लेकर 20 हजार रुपए तक अंशदान है।

### पंप लगाने का मिला है टारगेट

सौर सुजला योजना के तहत इस बार एक सौ किसानों के यहां सोलर पंप लगाने का टारगेट मिला है। कुछ पुराने आवेदन पेंडिंग होंगे। वैसे योजना तहत जो आवेदन आए थे उसका रजिस्ट्रेशन कर क्रेडा को भेज दिया गया है।

**-पीडी हथेश्वर**
उप संचालक, कृषि

### 36 किसानों को पंप स्वीकृत

सौर सुजला योजना अंतर्गत इस बार के लिए जो टारगेट है उसमें से 40 किसानों के यहां सोलर पंप लगाने बजट आबंटन आया है। इसमें से 36 किसानों का सोलर पंप स्वीकृत हो गया है और जैसे-जैसे आबंटन आते जाता है वैसे स्वीकृति होती है। कुछ किसानों के आवेदन पहले पेंडिंग हैं।

**-सना परवीन**
जिला प्रभारी, क्रेडा

---

**टेंडर करने के बाद जून में किया जा सकता है काम**

# खंडहर हो गए ऑडिटोरियम का निर्माण होगा शुरू, पीडब्ल्यूडी को मिले 22 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साइंस कालेज मैदान में सालों से खंडहर पड़े ऑडिटोरियम को संवारने पीडब्ल्ल्यूडी ने एड़ी चोटी का जोर लगाया है। अधिकारियों ने पुनर्निर्माण के लिए 22 करोड़ रूपए की स्वीकृति दे दी है। पीडब्ल्ल्यूडी ने बिना ड्राइंग डिजाइन अप्रुवड के इस ऑडिटोरियम का निर्माण कराया था, ऐसे में इस बार स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी की जा रही है और टेंडर से पहले तकनीकी स्वीकृति ली जा रही है।

साइंस कालेज ऑडिटोरियम का काम पिछले 6 साल से बंद है। इन छह सालों में यह खंडहर में तब्दील हो चुका है और असामाजिक तत्वों ने लोहे की चोरी करने दीवारों को भी तोड़ डाला है, लेकिन प्रदेश में सरकार बदलने के बाद एक बार फिर इसे संवारने के लिए 22 करोड़ की स्वीकृति मिल चुकी है। शहर में सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए सबसे बड़ा 750 सीटर क्षमता वाला ऑडिटोरियम बनाया जाना है, इसका करीब 50 फीसदी सिविल कार्य हो चुका है। नए सिरे से निर्माण किया जाना है। हाई क्वालिटी के स्टोन और पत्थरों का उपयोग कर जिले में शानदार भवन निर्माण करने का दावा पीडब्ल्यूडी के अधिकारी कर रहे हैं।



साइंस कॉलेज मैदान स्थित खंडहर ऑडिटोरियम।

### रूसा से मिली थी राशि

750 सीटर क्षमता वाले ऑडिटोरियम का निर्माण करने रूसा से राशि स्वीकृति गई थी, लेकिन प्रदेश में सरकार बदलने के बाद राशि रोक दी गई और ठेकेदार को समय पर भुगतान नहीं हो सका। सूत्रों के अनुसार ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के लिए साल 2017 में इस ऑडिटोरियम की स्वीकृति दी गई थी, जिसके बाद बिना ड्राइंग डिजाइन और स्वीकृति के ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। इसके बाद कोरोना काल में काम पूरी तरह से ठप रहा। ऑडिटोरियम निर्माण के लिए 9 मार्च 2017 को मेसर्स विकास कंस्ट्रक्शन कंपनी को वर्क आर्डर जारी किया गया था। जिसे 2019 तक बनाया जाना था, लेकिन काम पूरा करने से पहले ही 7 करोड़ का भुगतान लेकर ठेकेदार ने काम बंद कर दिया। साल 2017 में इसकी लागत 13 करोड 44 लाख थी, लेकिन अब इसके पूरी तरह से बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने 22 करोड़ 22 लाख रूपए की स्वीकृति दी है।

### 1500 वाहनों की होगी पार्किंग

जिले में बने ज्याादातर ऑडिटोरियम में बैठने की क्षमता है, लेकिन पार्किंग की बड़ी समस्या है। इसे देखते हुए साइंस कालेज के निर्माणधीन ऑडिटोरियम में पार्किंग का खास ख्याल रखा जाएगा। ऑडिटोरियम के साथ ही 1500 दुपहिया व चार पहिया वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।

### तकनीकी स्वीकृति के लिए भेजी गई है फाइल

हाल ही में अधूरे ऑडिटोरियम का आला अधिकारियों ने निरीक्षण किया था, इसके बाद ही स्वीकृति मिली है। निर्माण पूरा कराने के लिए राशि मिल गई है, तकनीकी स्वीकृति के लिए फाइल भेजी गई है। इस माह के अंत तक मंजूरी मिल जाएगी, जिसके बाद टेंडर लगाया जाएगा। साल डेढ़ साल में निर्माण पूरा किया जा सकता है।

**-संतोष राजपूत,**
एसडीओ, पीडब्ल्यूडी

---

**अधिक कीमत में प्लाट बेचने की थी तैयारी**

# नाले की जमीन पर बनाई सड़क, प्रशासन ने उखाड़ी

**बिलासपुर।** कोनी बिलासा ताल के पीछे अवैध प्लॉटिंग पर जाने के लिए नाले को पाटकर बनाई गई सड़क को आज कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर निगम ने उखाड़ दिया गया। यहां एक बिल्डर ने अपने प्लॉट महंगे दामों पर बेचने के लिए सरकारी नाले से लगी जमीन पाटकर उस पर सीसी सड़क बना दी थी। बिल्डर ने नाले की आधी चौड़ाई पर कब्ज़ा कर वहां से सीधे मुख्य मार्ग तक कनेक्टिविटी तैयार कर ली थी, जिससे उसके बनाए प्लॉट की कीमतों में इजाफा हो सके। जबकि उस जमीन तक पहुंचने का वैध रास्ता करीब डेढ़ किलोमीटर दूर से था। सड़क से मात्र 100 मीटर दूर जमीन समझ लोग बिल्डर के झांसे में आ महंगे दामों में प्लाट खरीद कर ठगी का शिकार हो जाते, इससे पहले ही प्रशासन के निर्देश पर निगम ने कार्यवाही कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर–रतनपुर मुख्य मार्ग पर बिलासा ताल के पास बिल्डर ने नाले के किनारे से 100 मीटर अंदर तक सड़क बना दी थी। उसे ही मुख्य मार्ग से पहुंच मार्ग दिखाकर लोगों को महंगे दामों पर बिल्डर प्लॉट बेच रहा था। इसकी शिकायत कलेक्टर अवनीश शरण तक पहुंची थी। जिस पर उन्होंने एसडीएम मनीष साहू को जांच के निर्देश दिए थे। एसडीएम मनीष साहू ने मौके का मुआयना किया और फिर तहसीलदार विभोर यादव से प्रतिवेदन मांगा। विभोर यादव ने इस सड़क को अवैध बताया। जिसके बाद एसडीएम मनीष साहू ने निगम कमिश्नर अमित कुमार को इसकी जानकारी दी। निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर आज शनिवार को नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। नाले की जमीन पर अवैध निर्माण की पुष्टि के बाद निगम अधिकारियों ने पूरी सड़क को जेसीबी मशीन की मदद से तोड़ दिया। कार्रवाई के दौरान निगम की टीम और बिल्डर के बीच काफी बहस भी हुई, लेकिन टीम ने सड़क को पूरी तरह तोड़ दिया। निगम अधिकारियों ने बताया कि यह निर्माण पूरी तरह अवैध था। नाले के ऊपर सड़क दिखाकर लोगों को महंगे दामों पर प्लॉट बेचने का खेल चल रहा था, जिस पर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई की गई।

### खेती की ज़मीन को टुकड़ों में की प्लाटिंग

कोनी सहित शहर के कई क्षेत्रों में खेती की जमीन पर अवैध प्लॉटिंग कर उसे टुकड़ों में बेचा जा रहा है। बिल्डर बिना किसी अनुमति के कृषि भूमि को रिहायशी जोन बताकर प्लॉट काट रहे हैं। न तो सड़क की व्यवस्था है, न ही पानी-बिजली की सुविधा। फिर भी लोगों से मोटी रकम वसूली जा रही है। न तो जमीन का नक्शा पास है और न ही कोई वैध अनुमति। निगम और प्रशासन के संज्ञान में आने अथवा शिकायत होने पर लगातार ऐसी प्लाटिंग पर कार्यवाही की जा रही है।

---

# डायल 112 के 40 आरक्षक और चालकों को एसपी ने किया पुरस्कृत

**बिलासपुर।** डायल 112 के सुचारू संचालन को लेकर पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को बिलासागुड़ी में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अच्छा कार्य करने वाले 40 आरक्षक व चालकों को पुरस्कार दिया। साथ ही 4 आरक्षकों को डायल 112 काप ऑफ द मंथ से सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा, 112 के नोडल अधिकारी, कर्मचारी, डीपीआरएस स्टाफ, जिला एबीपी व टीपीएल प्रबधंक आदि उपस्थित थे।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने डायल-112 के सुचारू संचालन के लिए महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए आपातकालीन सेवा का जनता को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने एवं पूरे सेवाभाव के साथ पीड़ति की मदद करने को कहा। उन्होंने ईआरवी स्टाफ को निर्धारित रिस्पांस टाइम को ध्यान रखते हुए इवेंट में त्वरित कार्यवाही करने संबंधी निर्देश दिए गए। डायल 112 के स्टाफ अकेले ही भीड़ में और हर इवेंट पर तत्काल पहुंचकर प्रकरणों का निराकरण करते हुए आम जनता का मदद करने की बात कही।



### प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

एसएसपी ने डायल 112 में अच्छा कार्य करने वाले 40 आरक्षकों व चालकों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। जिसमें 13 दिसंबर 2024 सीपत थाना के ग्राम मटियारी में एक व्यक्ति ने पारिवारिक विवाद में चिड़ीमार बंदूक से अपने दादी, बड़े भाई व भांजे को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर फरार हो रहा था, जिसे 112 की टीम ने पकड़कर पुलिस को सुपुर्द किया था। दिनांक 23 जनवरी को बिल्हा थाना क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति ने ट्रेलर चोरी कर ले जाने की सूचना दी। जिस पर तत्काल घटनास्थल पहुंचकर फरार अज्ञात ट्रेलर चोर को पकड़कर अग्रिम कार्यवाही के लिए बिल्हा थाने को सुपुर्द किया गया था। दिनांक 24 फरवरी को रतनपुर ईगल-1 को क्षेत्र से पांच नाबालिग बच्चों की कही चले जाने की सूचना मिली। डायल 112 की टीम ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन से डेढ़ घंटे के भीतर बच्चों को बरामद कर सकुशल उनके परिजन को सूपुर्द किया था। इसी तरह 4 मार्च को तोरवा थाना क्षेत्र में तीन-चार युवक मिलकर हॉकी स्टिक व तलवार से एक युवक को मारने का प्रयास कर रहे थे। मौके पर पहुंचकर डायल 112 टीम ने आरोपियों को दौड़ाकर पकड़ा और हथियार सहित तोरवा थाने के सुपूर्द किया था।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, आवेदन 13 तक

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 23 अप्रैल को बिलासपुर रेल्वे स्टेशन से पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क के लिए 375 तीर्थयात्री तथा 11 शासकीय अनुरक्षक सहित 386 तीर्थयात्रियों का दल रवाना होगा। जिसमे 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजन, परित्यक्ता एवं विधवा शामिल हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज कल्याण विभाग की संयुक्त संचालक श्रद्धा मैथ्यू ने बताया कि आवेदकों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में सभी आवश्यक पूर्ति कर आवेदन पत्र संबंधित जनपद पंचायत, नगरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय में 13 अप्रैल तक जमा करना होगा। जनपद पंचायत, नगर पंचायत एवं नगरीय निकाय द्वारा प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का परीक्षण कर 15 अप्रैल तक कार्यालय संयुक्त संचालक, समाज कल्याण विभाग में जमा करना होगा। इसके बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

# एयू में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस




**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में सूक्ष्म जीव विज्ञान ओर जैव सूचना विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रोफेसर ईडीएन बाजपेई ने किया।

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. लतिका भाटिया थीं और आयोजन सचिव डॉ. शालिनी शुक्ला थीं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर पीके आहलूवालिया थे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंडीगढ़ के प्रोफेसर अरुण कुमार ग्रोवर थे। दोनों वक्ताओं ने भारतीय वैज्ञानिक स्वभाव के स्वदेशी ज्ञान और स्वतंत्रता से पहले और साथ ही साथ स्वतंत्रता के बाद वैज्ञानिक दृष्टिकोण कैसे विकसित हुआ, इस बारे में बात की थी। अध्यक्षीय भाषण कुलपति क्षेत्र और बाजपेयी ने दिया, जिसमें उन्होंने दोनों विशेषज्ञों की बातों की सराहना की और प्राचीन विज्ञान के बारे में भी अपनी राय दी, जो भारत में प्राचीन समय में प्रचलित था। दोपहर के भोजन के बाद तीन व्याख्यान हुए। प्रथम व्याख्यान गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर अश्विनी कुमार दीक्षित ने दिया। उनके तकनीकी व्याख्यान का विषय भारतीय पारंपरिक संस्कृति और वैज्ञानिक मान्यता पर आधारित था। इसके बाद डॉ. अरुण कुमार शर्मा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रिसर्च टूल विषय पर व्याख्यान दिया। अंतिम व्याख्यान सीयू के ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग के डॉ. प्रसून सोनी ने दिया। इस कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक और संकाय सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम में बायोइंफॉर्मेटिक्स कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के लगभग 250 छात्र मौजूद थे।

---

**सुशासन तिहार: अब लोगों को रहेगा निराकरण का इंतजार**

# पीएम आवास, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन के 15 हजार से ज्यादा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सुशासन तिहार के दौरान पिछले 4 दिनों में निगम के 70 वार्डों में करीब 15 हजार आवेदन और शिकायतें नगर निगम को मिली हैं। इनमें बिजली, सड़क, पानी, पीएम आवास, राशन कार्ड, संपत्तिकर तथा नगर निगम से जुड़ी शिकायतें और मांगें शामिल है। शुक्रवार तक जमा हुए आवेदनों को नगर निगम के कर्मचारी आनलाइन चढ़ा रहे हैं। अब इन आवेदनों को नगर निगम के संबंधित विभागों भेजा जाएगा और वहां से उनके निराकरण की प्रक्रिया शुरू होगी।

सुशासन तिहार का पहला चरण शुक्रवार को पूरा हो गया। अब दूसरे चरण में उनका निराकरण होगा। चार दिन में नगर निगम के सभी 10 जोनों में करीब 15 हजार आवेदन पहुंचे हैं। हर जोन में औसत 1500 के अनुपात में अर्जियां जमा की गई हैं। नगर निगम ने हर वार्ड में शिविर लगाने के साथ जोन कार्यालयों में आवेदन बॉक्स भी लगवाए।




लोगों की सहूलियत के लिए तीसरे विकल्प के रूप में सीधे ऑनलाइन आवेदन का भी सिस्टम रखा गया था। वार्डों में लगे शिविरों में शुक्रवार की अपेक्षाकृत थोड़ी ज्यादा भीड़ रही। दोपहर बाद लोग शिविर पहुंचे। मंगला की महिला घर के पास स्ट्रीट लाइट बंद रहने की शिकायत लेकर पहुंची। उन्होंने बताया एक महीने से लाइट बंद है। अंधेरे के कारण घर के पास बच्चे और मोटरसाइकिल वाले गिर जाते हैं।

सरकंडा के दिनेश कुमार ने उन्होंने सीवरेज की समस्या बताई। उन्होंने बताया आउटलेट खुला होने के कारण आसपास गंदगी रहती है। टिकरापारा में लगे शिविर में लल्ला कुम्हार ने गलियों में नियमित सफाई नहीं होने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि भीतरी नालियों की सफाई दो-तीन महीने में एक बार हो रही है। यही नहीं, सड़कों की सफाई भी नियमित नहीं हो पाती।

### नगरीय निकाय से जुड़े आवेदन और शिकायतें

निगम अफसरों के अनुसार नगर निगम के जोनों मुख्यालयों और सभी वार्डों में लगे शिविर में नगरीय प्रशासन विभाग के निर्धारित शिकायतें और आवेदन लिए गए। इसमें सड़क, पानी, बिजली, नाली, स्वच्छता, संपत्तिकर, अतिक्रमण, स्ट्रीट लाइट, रोड निर्माण, पीएम आवास, वृद्धा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण इत्यादि से जुड़े आवेदन और शिकायतें ली गईं। अफसरों का कहना है कि नगरीय निकाय से बाहर की शिकायतें और आवेदन स्वीकार नहीं किए गए। किसी ने यदि आवेदन बॉक्स में डाल दिया है तो उन्हें संबंधित विभागों को भेजा जाएगा।

### निर्वाचन आयोग के व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम की गति बढ़ी

**बिलासपुर।** इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में पश्चिम बंगाल से आए 2 जिला निर्वाचन अधिकारी, 12 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और 217 बूथ लेवल अधिकारी के लिए दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। यह पहल, आयोग द्वारा 4 मार्च को आईआईआईडीईएम में आयोजित सीईओ सम्मेलन में परिकल्पित जमीनी चुनाव अधिकारियों की क्षमता वृद्धि के व्यापक प्रशिक्षण योजना का हिस्सा है। इसके अतिरिक्त, मीडिया नोडल अधिकारियों, सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों और जिला जनसंपर्क अधिकारियों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आई आई आई डी ईएम, नई दिल्ली में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बदलते मीडिया परिदृश्य में चुनाव अधिकारियों के बीच समन्वय और तैयारी को सशक्त बनाना था। 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से आए मीडिया अधिकारियों ने इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में भाग लिया, जिसका उद्देश्य एक प्रभावी संचार रणनीति विकसित करना है ताकि सूचना सक्रिय रूप से प्रसारित की जा सके, गलत सूचना का मुकाबला किया जा सके, और विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से मतदाता जागरूकता को बढ़ावा दिया जा सके। यह सब विधिक ढांचे (आरपी अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, निर्वाचन संचालन नियम 1961 और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों) के अनुरूप किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अपने संबोधन में यह स्वीकार करते हुए कि मीडिया चुनाव प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण भागीदार है।

12- APR- BSP- P-5 ZIN_Layout 1 4/10/2025 5:00 PM Page 1





### शहर में रही हनुमान जन्मोत्सव की धूम, दिन भर जगह-जगह पूजन और भण्डारा

# संकट कटै मिटे सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा...





जनमे हैं हनुमंत प्यारे बाजे-बाजे बधाईया..., बालाजी मेरी ओर निहारो, तुम बिन कौन हमारा..., जागो ए बजरंग बली माता अंजनी के लाल..., ध्यान करूं बजरंग बली, उड़े-उड़े बजरंग बली...आदि गीतों की धुन से पूरा शहर गूंज उठा। मौका था अंजनी पुत्र हनुमान के जन्मोत्सव का। इसे मनाने पूरे शहरवासियों में व्यापक उत्साह देखा गया। हर परिवार से लोग मंदिर जाकर मत्था टेके और पूजा, आरती कर सुख-समृद्धि की कामना की। शहर में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया। जन्मोत्सव की खुशी में प्रत्येक चौक-चौराहे, गली-मोहल्ले में भण्डारा किया गया। अरपापार सरकंडा के सीपत मार्ग, गोंड़पारा, गोलबाजार, तिलकनगर, नेहरूनगर, मंगला, पुराने बस स्टैंड में दिनभर प्रसाद वितरण किया गया।

## दुग्धाभिषेक कर की गई श्रृंगार आरती

श्री हनुमान मंदिर सेवा समिति तिलकनगर द्वारा आयोजित हनुमान जन्मोत्सव में सुबह साढ़े 5 बजे दुग्धाभिषेक, साढ़े सात बजे श्रृंगार आरती की गई। 10 से 2 बजे तक भण्डारा व प्रसाद वितरण किया जाता रहा। दोपहर 4 बजे से सामूहिक संगीतमयी सुंदरकाण्ड का पाठ किया गया। शाम साढ़े सात बजे महाआरती कर छप्पन भोग लगाए गए। प्रसाद वितरण के बाद भजन संध्या आयोजित की गई। जिसमें भगवान हनुमान व राम पर आधारित गीत गाए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष निलेश गोप, उपाध्यक्ष अमित दुबे, प्रशांत द्विवेदी, सचिव प्रकाश सिंह ठाकुर, सहसचिव साक्षी गोपाल यादव, कोषाध्यक्ष निर्मल किशोर मानिकपुरी, सह कोषाध्यक्ष अतुल सिंह, अभिषेक दुबे सहित अन्य सभी हनुमान भक्तों का सहयोग रहा।



पुराने बस स्टैंड में हनुमान जी की पूजा के बाद प्रसाद वितरण हुआ।

## गोलबाजार में दिनभर भंडारा

गोलबाजार संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जनमोत्सव पर भगवान की आरती पश्चात भव्य भंडारा प्रारंभ हुआ। जो दिनभर चलता रहा,जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भगवान को पूरी,सब्जी,बूंदी सहित अन्य प्रसाद बांटे गए। मंदिर समिति के महावीर ठाकुर ने बताया की हर वर्ष की इस बार भी मंदिर में भव्य भंडारा किया गया।





## गायक कलाकारों ने दी प्रस्तुति

श्रीराम मंदिर बलखंडी बाबा कमेटी न्यास.द्वारा घोंघाबाबा मंदिर परिसर बिलासपुरधाम में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी



मारुतिनंदन राम भक्त श्री हनुमानजी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और भव्यता से मनाया गया। इस दौरान सुबह, शाम जन्मोत्सव महाआरती की गई। जिसमें मंदिर परिसर प्रमुख मंगतराय अग्रवाल, दीपराज उपाध्याय, सीताराम जोशी सहित अन्य श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया। दोपहर में भगवान हनुमान को सवामणि भोग लगाए गए। फिर संगीतमयी श्री सुंदरकांड का पाठ पाठ कर्ता पलाश शर्मा भाटापारा ने किया। शाम को भजन संध्या आयोजित की गई। कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को हनुमानमय बना दिया।

## धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव



डबरीपारा स्थित सार्वजनिक हनुमान मंदिर में धूमधाम से बजरंगबली का जन्मोत्सव मनाया गया। हनुमान जी की पूजा अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ लगी रही। मंदिर का निर्माण स्व. हुबलाल तिवारी द्वारा संवंत 1968 माघ कृष्ण पक्ष सन 1912 में किया गया था। इस अवसर पर इक्ष्कुवादत्त तिवारी, ब्राह्मदत्त तिवारी, संजीव तिवारी, सुशांत तिवारी, आदित्य तिवारी, शुभांक तिवारी, शुभांकर तिवारी, सुमित तिवारी, शौर्य तिवारी, विराट तिवारी, विवेक तिवारी, प्रतीक शुक्ला, सुनील तिवारी, अक्षत त्रिवेदी सहित अन्य भक्तों ने प्रसाद वितरण किया।

## बहनों ने किया सुंदर कांड का पाठ



श्री हनुमान सेवा समिति सरकंडा द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत 51 सौ लोगों का भण्डारा व जगराता आयोजित किया गया है। पहले दिन शनिवार को दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रामसेतु चौक में शाम को 101 बहनों ने सुंदर कांड हनुमान चालीसा का पाठ कर हनुमानजी की आरती की। रात्रि 8 बजे भण्डारा किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद लिया। रविवार 13 अप्रैल को रात्रि 8 बजे हनुमान चालीसा का पाठ, साढ़े 8 बजे हनुमानजी की महाआरती, 9 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं साढ़े 9 बजे गायिका शहनाज अख्तर द्वारा साइंस कॉलेज मैदान में भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

## विशाल भंडारे का आयोजन

श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री बजरंग भक्त मंडली द्वारा जरहाभाठा में भव्य पूजा आरती एवं विशाल



भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रेखेंद्र तिवारी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजक मनोज यादव पूजा आरती के पश्चात उपस्थित समस्त श्रद्धालुओं ने एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस अवसर पर बृजभान सिंह ठाकुर, प्रशांत द्विवेदी, विनय विश्वकर्मा, अक्षत तिवारी, देवेंद्र ठाकुर, अविनाश हुमने, सुशील तिवारी,राहुल यादव, शैलेंद्र यादव, संजीव चौहानश्रद्धालु जन उपस्थित थे।

## दुनिया न चले राम के बिना राम न...




हनुमान जयंती पर जूना बिलासपुर बनियापारा स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ एव हनुमान की आरती व भजन संध्या का आयोजन किया गया। उक्त भजन संध्या कार्यक्रम में मोहल्ले की हनुमान भक्त महिलाओं ने सर्वप्रथम हनुमान की चालीसा पाठ सुनाकर हनुमान भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया। दुनिया न चले राम के बिना राम न चले हनुमान के बिना, राम जी की निकली सवारी, हनुमान चालीसा एवं भजन सुना कर हनुमान जयंती को और भी चार चांद लगा दिए। सर्वप्रथम मोहल्ले वासियों ने हनुमान की दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की। खीर एवं मिठाई का प्रसाद का भोग लगाया। मध्यरात्रि तक भजन का कार्यक्रम चलता रहा। इस अवसर पर समाज सेवी रमेश गुप्ता, दुर्गा देवांगन, धीरेन्द्र गुप्ता, रामायण देवांगन, शरद गुप्ता, सीताराम देवांगन, महेंद्र देवांगन, सतीश देवांगन, सौरभ गुप्ता, राजेंद्र देवांगन, नरेंद्र गुप्ता, शत्रुघ्न गुप्ता, अमित गुप्ता, सुजाता गुप्ता, दीपा गुप्ता, बिन्दु बाला गुप्ता, तृप्ति गुप्ता, सविता गुप्ता, राखी गुप्ता, उमेश गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, चीकू, पूर्वी, माही, शाश्वत आदि का सहयोग रहा।

## विशेष आरती संग्रह का प्रकाशन



श्री हनुमान जन्मोत्सव पर प्रयास प्रकाशन बिलासपुर के कार्यालय में ग्राम हांफा के समाजसेवी पंडित राम खिलावन तिवारी की जयंती पर डॉ विवेक तिवारी ने अपने दादा को समर्पित करते हुए विशिष्ट आरती संग्रह का प्रकाशन किया है। कृति 'विशेष आरती संग्रह' का विमोचन डॉ विनय कुमार पाठक के मुख्य आतिथ्य, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ राघवेंद्र दुबे की अध्यक्षता, डॉ विष्णु कुमार तिवारी एवं रमेशचंद्र श्रीवास्तव के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रयास प्रकाशन द्वारा डॉ विवेक तिवारी का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ पाठक ने कहा कि बाजार में मिलने वाले संग्रह में कई आरतियां ऐसी होती हैं जो स्थानीय तौर पर हमारे यहां प्रचलित नहीं होती। उन्हें गाने में कठिनाई भी होती है । इसे ध्यान में रखकर डॉ तिवारी ने इस संग्रह में ऐसी आरतियों को सम्मिलित किया है, जो हमारे क्षेत्र में प्रचलित हैं, हमारे घरों में गई जाती है। डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे ने कहा कि इसमें छत्तीसगढ़ में पारंपरिक रूप से गाए जाने वाली आरतियों को संग्रहित किया गया है।

## महिलाओं ने किया रामायण का पाठ



मानस महिला मंडल की महिलाओं ने हनुमान जयंती के पावन अवसर पर ममता दुबे के नेहरू नगर स्थित निवास स्थान में सुंदरकाण्ड व रामायण का पाठ किया। जिसमें बड़ी संख्या में मानस महिला मंडल की महिलाएं शामिल हुईं। भजन, कीर्तन कर हनुमानजी की पूजा की गई।

## युवाओं ने बांटा शरबत



गौरव पथ स्थित मेडी एण्ड केयर के सामने युवाओं ने शरबत, हलवा, खिचड़ी का वितरण किया। वितरण कार्य में शुभम सुल्तानिया, मोहित दयालानी, गौरव वाधवानी, पंकज चंदानी, मनमोहन, प्रबल, अनिता पाटिल, पूजा ठाकुर, शिवम सुल्तानिया, राहुल यादव का सहयोग रहा।



हनुमान जन्मोत्सव पर सत्यम चौक में महाभंडारा किया गया।

## शिवसेना द्वारा शोभायात्रा निकाली गई

शिवसेना द्वारा पिछले 41 वर्षों से शोभा यात्रा निकाली जाती है, इसी कड़ी में बिलासपुर जिला प्रमुख नवीन यादव,मुकेश देवांगन एवं महिला सेना जिला प्रमुख रेवती यादव के सयुक्त नेतृत्व में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया था। देवकीनंदन चौक पर सुंदरकांड का पाठ एवं हनुमान चालीसा बाल कलाकार तनिष्क वर्मा टीम के साथ किया।



## अग्रसेन चौक पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया भोग ग्रहण

हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। पूरे शहर में उत्साह का माहौल रहा और जगह-जगह हनुमानजी की शोभायात्राएं निकाली गईं। इस पावन अवसर पर अग्रसेन चौक में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भोग प्रसाद ग्रहण किया। अग्रसेन चौक का वातावरण तो अलौकिक हो गया था। यहां पर विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं और स्थानीय युवाओं के सहयोग से एक विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में पूड़ी-सब्जी, हलवा, चावल और खीर सहित विभिन्न व्यंजनों का वितरण किया गया। इस भव्य आयोजन में गौतम लंबा, ऋषि राय, विवेक शर्मा, रवि ठाकुर, अश्वनी राजपूत, आकाश दुबे, जय तिवारी, विकास पाठकर, हिमांशु शर्मा, सौरभ श्रीवास्तव, धनंजय तिवारी, यशराज गुप्ता, साहिल मौर्य, अंकुश गुप्ता, विवेक दुबे समेत बड़ी संख्या में भक्तगणों के साथ शहर के गणमान्य नागरिक, व्यापारी वर्ग, सामाजिक संगठन और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

12-APR--REGNOL--pg-6-COMMAN_Layout 1 4/12/2025 11:51 PM Page 1



## मारुति नंदन के जन्मोत्सव की रही धूम, भजन-कीर्तन के साथ जगह- जगह लगे भंडारे

# जय हनुमान के जयकारों से गूंजा अंचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

क्षेत्र एवं नगर में हनुमान जन्मोत्सव पर माहौल भक्तिमय बना रहा। नगर के अलग-अलग स्थानों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका विभिन्न चौक-चौराहों में स्वागत किया गया। विशेष पूजा अर्चना के साथ हवन-कीर्तन होते रहे। जगह-जगह भण्डारे व प्रसाद वितरण किया गया।

क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्वालुओं की भीड़ लगी रही। रामायण पाठ, भजन-कीर्तन व श्रद्धा भक्ति से विशेष पूजा अर्चना की गई। इसके लिए एक दिन पूर्व ही श्रीराम-हनुमान मंदिरों को सजाया गया था। भक्तजनों ने सुबह से ही मंदिरों में पहुंचकर बजरंगबली को चोला, सिंदूर और प्रसाद चढ़ाकर पूजा अर्चना की। सुंदरकाण्ड, हनुमान चालीसा पाठ, महाआरती, भंडारे हुए। मंदिर खुलने के बाद से देर रात तक श्रद्धालु मंदिर पहुंचते रहे। हनुमान जन्मोत्सव होने की वजह से मंदिरों में अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा भीड़ रही। कई जगह धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोल बाजार स्थित हनुमान मंदिर में पं. क्रांति कुमार मिश्र एवं श्रद्धालुजनों द्वारा सुबह मंदिर मे विशेष साज-सज्जा की गई। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।


गोलबाजार स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्वालुओं की भीड़, शोभायात्रा में श्रीराम हनुमान जी की झांकी।

हनुमान मंदिर में सुंदर काण्ड एवं हनुमान चालीसा के पाठ के पश्चात हवन किया गया। तत्पश्चात लोगो को प्रसाद वितरण किया गया। हनुमान मंदिर के पास ही विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बिजली आफिस के पास हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर भण्डारे का आयोजन किया गया। सिटी कोतवाली स्थित हनुमान मंदिर में हवन-पूजन कर विशेष पूजा-अर्चना किया गया। टीआई तेजनाथ सिंह सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किये। मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के पश्चात सस्वर हनुमान चालीसा एवं हनुमान अष्टक का पाठ किया गया। शहर में पुराना बस स्टैंण्ड में ठाकुरदईयां मंदिर के पास निरंजन केशरवानी उद्यान के पास बने हनुमान मंदिर में हनुमान समिति, बालानी चौक, मल्हापारा चौक, पड़ाव पारा चौक, नया बस स्टैण्ड, पुलपारा, दाऊपारा चौक, सदर बाजार, बड़ा बाजार, जनता मार्केट, एसएनजी कॉलेज के पास हनुमान मंदिर में भण्डारे का आयोजन किया गया। जहां फल, लड्डू, पुड़ी, ठण्डा पेय पदार्थ का वितरण किया गया। ग्राम निरजाम में हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर में शिव मंदिर में विराजित श्रीहनुमाज जी का पूजा अर्चना कर आरती किया गया। साथ ही सुंदर मानस मंडली के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र की कथा का रसपान कराया। भक्तों को अंशु डिजिटल स्टूडियो के द्वारा हलूवा पुडी का प्रसाद एवं शरबत वितरण किया। इस प्रकार श्रीहनुमान जन्मोत्सव को ग्राम निरजाम भव्य रूप से मनाया। जन्मोत्सव कार्यक्रम में अश्वनी साहू, उपसरपंच उग्रराज साहू, लखनलाल साहू, शोभनाथ साहू, जगदीश साहू, दिनेश साहू, छोटेलाल निषाद, देवराज साहू, देवलाल, विजय, रोशन, रवि, अजीत, ईश्वर, सत्यम, शिवम, नितेश, नारद, सुखनंदन साहू का सहयोग रहा। उक्त जानकारी देवराज साहू ने दी।

## हनुमान जीवंत आस्था, अमिट ऊर्जा हैं: तोखन





**बिलासपुर।** केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने कि हनुमान जयंती का पर्व केवल तिथि नहीं, वह दिन है जब भक्ति, बल और समर्पण एक साथ प्रकट होते हैं। संकटमोचन श्री हनुमान जी की असीम महिमा से आलोकित यह दिन पूरे देश में भक्ति-सागर के रूप में प्रवाहित हुआ।

हनुमान की आराधना में पूर्ण रूप से लीन होकर, आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज देवकीनंदन चौक हनुमान मंदिर तथा गिरिराजबन हनुमान मंदिर में श्रद्धा-सम्मान से पूजा-अर्चना की। मंत्रोच्चारण, घण्टियों की गूंज और जय श्रीराम के उद्घोषों से गूंजते वातावरण में श्री साहू ने भगवान हनुमान से लोकमंगल और राष्ट्रकल्याण की कामना की। उन्होंने श्रद्धालुओं संग भण्डारे में भाग लिया और कहा कि हनुमान केवल पूजनीय देवता नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति की आत्मशक्ति हैं जो सेवा, साहस और संकल्प के पथ पर चलता है। उनका स्मरण ही ऊर्जा है, उनकी कृपा ही विजय का मार्ग है। मदनपुर में हुए आध्यात्मिक आयोजन में हनुमान चालीसा पाठ, महाआरती और छत्तीसगढ़ की परंपरागत पंडवानी प्रस्तुति ने इस भक्ति महोत्सव को दिव्यता से सराबोर कर दिया। इन सभी कार्यक्रमों में श्री तोखन साहू ने श्रद्धा भाव से भाग लिया और उपस्थित श्रद्धालुओं संग "श्रीराम जय राम जय जय राम" का सस्वर जाप किया। उन्होंने आगे कहा कि "हनुमान जी का जीवन हमें सिखाता है कि भक्ति में शक्ति है, सेवा में सिद्धि है और संकल्प में सफलता है। वे युगों-युगों से भारत की आत्मा के प्रतीक हैं। उनका आशीर्वाद हमें हर संकट से उबारता है।"

## राम कथा सुनने से मानव को मिलती है जीवन जीने की प्रेरणा: रामकुमार



**दगोरी।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम कथा का आयोजन करने तथा कथा सुनने से हमें जीवन जीने की सीख मिलती है। श्रीराम के आदर्शो एवं चरित्र को अपनाने की आवश्यकता है। उक्त बातें ग्राम दगोरी में आयोजित अखंड नवधा रामायण समारोह में उपस्थित जनपद अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक ने कही। उन्होंने कहा कि राम के आदर्श सिद्धातों को अपनाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर समिति द्वारा जनपद अध्यक्ष का स्वागत श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर एवं तिलक लगाकर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आमंत्रित मानस मंडली, रामायण समिति पदाधिकारी, सदस्य, नागरिक सहित जन जनप्रतिनिधि घनश्याम कौशिक, नरेंद्र सन्नाट, राधेश्याम कौशिक, बजरहा निषाद, श्रवण कौशिक, दशरथ सन्नाट, कौशल ध्रुव, श्यामसुंदर सन्नाट, खोरबहरा राम कौशिक, हरिराम कौशिक, मथुरा निषाद, बिंदा निषाद सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## गांधीडीह में हनुमान चालीसा, सुंदर कांड पाठ, की गई महाआरती



**लोरमी।** ग्राम गांधीडीह स्थित प्राचीन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही एवं हनुमान जी की पूजा अर्चना की जाती रही। भक्तों ने हनुमान चालीसा, सुंदर कांड एवं राम रक्षा श्रोत का पाठ कर हवन पूजन किया। इस अवसर पर महिला समिति ने भी क्रायक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया एवं प्रसाद वितरण तथा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमे लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। हनुमानजी की महाआरती में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए । साथ ही सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर समिति एवं महिला समिति द्वारा हनुमान मंदिर से महामाया मंदिर रानीगांव तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## मदकू द्वीप में लगा विशाल भंडारा, प्रसाद वितरण में बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालु



**सरगांव।** हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू में हनुमान जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ हनुमानजी के पूजन के साथ हुआ, तत्पश्चात सामूहिक सुंदरकाण्ड, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर प्रसाद वितरण एवं और भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के श्रध्दालुओं ने अपनी पूरी सहभागिता दी। पिछले डेढ़ दशकों से हनुमान जन्मोत्सव के पर शिवनाथ नदी में आयोजित होने वाली नौका दौड़ प्रतियोगिता, इस वर्ष नदी में पानी नहीं होने के कारण आयोजित नहीं हो पाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जीवन लाल कौशिक, राममनोहर दुबे, मनीष मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, अनिल वर्मा, भगवती प्रसाद मिश्र, मनीष अग्रवाल, सुरेश साहू, परस साहू प्रमोद दुबे, नेतराम सोनवानी, कमलेश अग्रवाल,श्रीधर राकेश सहित बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विचारपुर में भव्य पूजा, 45 वर्षों से किया जा रहा भोग-प्रसाद का वितरण



**लोरमी।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर बिचारपुर के हनुमान मंदिर में भव्य पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण समारोह का आयोजन किया गया। नगर के गुरुद्वारा चौक, रानीगांव, वार्ड 14,15 सहित विभिन्न हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। भक्तों ने भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। बूंदी, चना, पूड़ी आदि पारंपरिक प्रसाद का विरण किया गया जिसे हजारों लोगों ग्रहण किया। ग्राम बिचारपुर के हनुमान जन्मोत्सव आयोजन समिति ने बताया कि विगत 45 वर्षों से हनुमान जन्मोत्सव समिति द्वारा श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया जाता है। समाजसेवी उमाशंकर सिंह ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव हर साल बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है एवं यह क्षेत्र का महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। इस अवसर पर रघुनाथ सिंह, रामनिहोरा कश्यप, अविनाश कश्यप, महेंद्र सिंह, स्वतंत्र कश्यप, भूपेंद्र पाठक, अर्जुन कश्यप, मेलन सिंह, कमल सिंह, होरीलाल चंद्राकर, मूलचंद तिवारी, सुरेश, प्रकाश सिंह निलाम्बुज कश्यप आदि मौजूद रहे।

## कुटिया मंदिर के सदस्यों ने किया प्रसाद का वितरण, रही श्रद्धालुओं की भीड़



**बिल्हा।** नगर के कुटिया मंदिर में हनुमान जनमोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। वैसे तो इस अवसर पर नगर में कई स्थानों पर पूजा एवं प्रसाद की व्यवस्था की जाती है, लेकिन कुटिया हनुमान मंदिर में विशंभर दयाल गोयल एवं परिवार के सदस्यों के द्वारा सभी के लिए भंडारे की व्यवस्था की जाती है। यह व्यवस्था उनके द्वारा 2018 से लगातार की जा जा रही है। आयोजन को सफल बनाने कुटिया मंदिर समिति के सदस्यों का अहम योगदान रहा।

## हनुमान मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, जगह-जगह भंडारे का आयोजन

**तखतपुर।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। साथ ही भोग-भंडारे का आयोजन दिनभर चलता रहा एवं मंदिरों में सुबह से लेकर रात तक भक्तों की भीड़ लगी रही। पूरे क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

सुबह से ही भक्त हनुमान मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना करते रहे। साथ ही मंदिरों में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ दिनभर चलता रहा। इस अवसर पर मंदिरों में भक्तों के द्वारा प्रसाद वितरण तथा भंडारे का भी आयोजन किया गया। नगर के पुराना थाना प्रांगण, मण्डी चौक, ब्लाक कालोनी, कैलाश नगर, टिकरीपारा, बजरंग नगर, पुराना बस स्टैंड, हाई स्कूल, बरेला बजरंगबली मंदिर सहित क्षेत्र के अन्य मंदिरों में भी पूजा-अर्चना के साथ प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। राम मंदिर में सुन्दर कांड का पाठ के बाद इसके बाद महाआरती की गई। इस अवसर पर आत्मजीत सिंह



मक्कड़,अभिषेक पांडेय, अजय देवांगन, मुन्ना श्रीवास, रमन सिंह शैलेंद्र निर्मलकर, सुनील जांगड़े, बिहारी देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, राम किशोर पांडेय, रोहन सिंह ठाकुर, जितेंद्र शुक्ला, टेकचंद कारड़ा, कोमल सिंह ठाकुर, जुगल किशोर पांडे, योगेंद्र मिश्रा, सूरज ठाकुर, राम भूवन यादव, गजेंद्र सिंह, ज्ञान सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## लगरा में भव्य कलश यात्रा के साथ नवधा रामायण का शुभारंभ



**लगरा।** ग्राम लगरा में तेरहवें वर्ष अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा है, जिसका शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। 21 अप्रैल को नवधा रामायण को विश्राम दिया जाएगा एवं 22 अप्रैल को हवन, कपिला तर्पण, ब्राम्हण भोज, पूर्णाहुति का कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या श्रद्धालुओ की भीड़ रही।

## बेलगहना के सिद्ध बाबा आश्रम में पूजा-अर्चना के साथ हनुमान चालीसा पाठ

**बेलगहना।** बेलगहना में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्री सिद्ध बाबा आश्रम में हनुमानजी की पूजा-अर्चना के साथ विभिन्न अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। श्री ठाकुर दइया मंदिर में हनुमान चालीसा एवं सुंदर कांठ का पाठ किया गया। साथ ही बेलगहना के मुख्य चौक में भक्तों की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कैलाश अग्रवाल, दया गुप्ता, आकाश अग्रवाल, अभिषेक गुप्ता, रविराज रजक, दिलहरण श्रीवास, विक्की श्रीवास,मनोज गुप्ता , रुद्र अग्रवाल,रिंकू अग्रवाल का मुख्य सहयोग रहा।



## हनुमान मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की कतार, भजन-कीर्तन के साथ कटे केक



**सीपत।** श्रीराम भक्त हनुमान जन्मोत्सव सीपत अंचल में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कहीं केक काटकर तो कहीं भजन-कीर्तन कर हनुमानजी की आराधना की गई। इस अवसर पर हनुमान जी के दर्शन के लिए सुबह से हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। मंदिरों में राचरितमानस, सुंदर कांड का व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसी क्रम में सीपत के बजरंग चौक स्थित हनुमान मंदिर को भी आकर्षक रूप से सजाया गया। सुंदरकांड व हनुमान चालीसा के पाठ से यहां का पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। शाम को महा आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पुलिस थाना, नवाडीह चौक हनुमान मंदिर, सीपत बस स्टैंड सहित क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरों में भी प्रतिवर्ष की भांति विधिवत पूजा-अर्चना हुई व भंडारे का आयोजन किया गया। शाम तक श्रद्धालु संकट मोचन की भक्ति में लीन रहे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार गनियारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क्र. बी 121/2024-2025
ग्राम नेवरा प.ह.नं. 21

एतत द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम नेवरा प.ह.नं. 21 रा.नि.म. गनियारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक अशोक श्रीवास पिता स्व हरिलाल निवासी नेवरा द्वारा अपने माता सुशीला श्रीवास पति स्व हरिलाल की मृत्यु दिनांक 05.04.89 को होने का कथन करते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 24.04.2025 को 10.30 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 08.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**गनियारी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक / /अति.तह./ वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 12/03/2025

ग्राम तिफरा के सर्व साधारण/ आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तिफरा प.ह.न. 40 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि एकड़ भूमि ख.न. 194/3, 194/4 रकबा 0.0180, 0.0010 हे एकड़ भूमि की फौती नामांतरण / नामांतरण / अभिलेख सुधार के लिए श्री हरिश केडिया आ. कालूराम केडिया निवासी क्रांतिनगर बिलासपुर आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 15/04/25 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉक.../../2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ईश्वर दयाल साहू उम्र 36 वर्ष पिता नंदकिशोर साहू ग्राम खमतराई समीप महामाया आईटीआई अशोक नगर सरकण्डा का निवासी हूँ जो कि निशा कुमारी पति श्री गौतम कुमार उम्र 39 वर्ष निवासी रामेश्वर नाथ मंदिर के पीछे वाली गली गुलाब नगर मोपका बिलासपुर छ.ग. का निवासी जिससे भूमि प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. कोनी रिवर व्यू कालोनी के अंदर रकबा 0.0111 (1200 वर्गफुट) खसरा नं. 94/17 जिला बिलासपुर स्थित का पक्का सौदा तय हुआ है इस बाबत् किसी व्यक्ति बैंक संस्था शासकीय, अर्द्धशासकीय या अन्य किसी को कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति करें। तथा इसके उपरांत किसी प्रकार के कोई भी आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।

**निशा कुमारी**
C/o गौतम कुमार
रामेश्वर नाथ मंदिर के पीछे
गुलाब नगर मोपका बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9343924447, 9109008846

**न्यायालय तहसीलदार मरवाही**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ:- जिला-गौरेला-पेण्डा-मरवाही तहसील-मरवाही प.ह.न.-00011 कुम्हारी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CG-2024-25-124-1-353

**ईश्तहार**

तहसील मरवाही के प.ह.न. 00011 के अंतर्गत ग्राम कुम्हारी के वर्तमान भूमिस्वामी दुर्गावती पिता/पति-रामसुंदर पति मुकुंद राम गुप्ता पता-डी आई ओ एस ऑफिस मर्दानपुर तहसील व जिला जौनपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 197/2(0.0106), 184/2(0.0270), 185 (0.1540), 186(0.1403), 190(0.1146), 192/2 (0.0783), 198(0.1620), 196/1 (0.0296), 197/1(0.2563) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अशोक कुमार पिता/पति-रामसुंदर पता-मरवाही पोस्ट तहसील मरवाही जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही, रघुनाथ पिता/पति-रामसुंदर पता-मरवाही पोस्ट तहसील मरवाही जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही के नाम पर पंजीयन फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार मरवाही पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/03/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार, तहसील-मरवाही

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरा पुराना नाम मनीष कुमार शुक्ला पिता मदन लाल शुक्ला है पर सही नाम मनीष शुक्ला पिता मदन लाल शुक्ला है जो निवासी हाउस न. 87 वार्ड न 31 जुनी लाइन नियर डॉ मेघानी क्लिनिक जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ 495001 अत: मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्ध शासकीय दस्तावेजो में मनीष कुमार शुक्ला पिता मदन लाल शुक्ला के नाम पर मनीष शुक्ला पिता मदन लाल शुक्ला के नाम से जाना जाये

**शपतकर्ता**
**मनीष शुक्ला**
**पिता-मदन लाल शुक्ला**
**निवास-हाउस न 87 वार्ड न 31**
**जुनी लाइन नियर डॉ मेघानी**
**क्लिनिक जिला बिलासपुर**
**छत्तीसगढ़ 495001**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म मेसर्स कालका एसोसिएटस में दिनांक 07.04.2025 को नये भागीदारी श्री मयंक कछवाहा पिता श्री मनीष कुमार कछवाहा एवं श्री नमन कछवाहा पिता श्री नीरज कुमार कछवाहा सम्मिलित हो रहे हैं।

**फर्म मेसर्स कालका एसोसिएटस**
**पता - रेल्वे स्टेशन, व्यापार विहार रोड, एफसीआई चौक, बिलासपुर छ.ग.**
**भागीदार श्री मनीष कुमार कछवाहा**
**श्री नीरज कुमार कछवाहा**
**श्री आशीष कुमार कछवाहा**



## खबर संक्षेप

### गायत्री परिवार के सदस्यों की बैठक 15 को

**तखतपुर।** गायत्री परिवार के सदस्यों की बैठक बेलसरी में सीताराम श्रीवास के निवास स्थान पर 15 अप्रैल को दोपहर 3 बजे रखी गई है।

### साहू समाज की बैठक खमतराई में 13 को

**लगरा।** भक्त माता कर्मा सामुदायिक भवन खमतराई में साहू समाज की बैठक आज 13 अप्रैल को दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। जिला महामंत्री पप्पू साहू ने बताया कि जिला स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती उत्सव मनाने के संदर्भ में बैठक रखी गई है। बैठक में प्रदेश, जिला, नगर, तहसील, केन्द्र अध्यक्ष सहित सभी प्रकोष्ट के संयोजक एवं पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही बड़ी संख्या में बैठक में शामिल होने स्वजातीय नागरिकों से अपील की गई है।

## निधन

### माया भट्ट



**बिलासपुर।** गोंड़पारा निवासी माया भट्ट का 12 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 अप्रैल को सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मनीष भट्ट की माता थीं।

### मार्ग्रेट लाल



**बिलासपुर।** तोरवा बिलासपुर निवासी मार्ग्रेट लाल का शनिवार को निधन हो गया। वे 81 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम शव यात्रा रविवार शाम 3.30 बजे उनके निवास से निकलकर शेफर कब्रिस्तान कुदुदंड पहुंचेगी। जहां उन्हें दफन किया जाएगा।

# तालाब में डूबने से डेढ़ साल की मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

मल्हार चौकी क्षेत्र के ग्राम अकोला में गुरुवार को एक हृदय विदारक घटना में डेढ़ साल के मासूम की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर है, वहीं परिजनों का रोकर कर बुरा हाल है।

फिलहाल पुलिस मामले पर ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अकोला निवासी अर्जुन कुमार मैत्री किसी आवश्यक कार्य से घर से बाहर गए हुए थे। साथ ही उनकी पत्नी भी काम के सिलसिले में बाहर गई हुई थीं। इसी बीच गुरुवार सुबह लगभग 8.30 बजे अर्जुन का डेढ़ साल का बेटा अंकित मैत्री घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। खेलते-खेलते सभी बच्चे घर से करीब 100 मीटर दूर स्थित बदहा तालाब की ओर चले गए। इसी दौरान अचानक अंकित का पैर फिसल गया और वह तालाब में गिर कर डूब गया। साथ मौजूद बच्चों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी, जिस पर गाय चरा रहे एक चरवाहे ने बच्चे को तालाब से बाहर निकाला और तत्काल परिजनों को घटना की सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही अंकित के पिता अर्जुन मैत्री मौके पर पहुंचे और उसे तुरंत मस्तूरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद अंकित को मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर सुनकर पूरे परिवार में मातम पसर गया। मल्हार पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है। पुलिस बच्चों की मौजूदगी, तालाब की स्थिति और परिजनों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के सभी पहलुओं की स्पष्ट जानकारी सामने आ सके। यह हादसा एक बार फिर से बच्चों की सुरक्षा और निगरानी की आवश्यकता को उजागर करता है।



# सुशासन तिहार के तहत कोटा पुलिस ने किया ग्राम भ्रमण



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना सुशासन तिहार के तहत कोटा पुलिस ने ग्राम भ्रमण किया।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजना सुशासन तिहार के मद्देनजर एसपी रजनेश सिंह ने ग्राम भ्रमण कर आम नागरिकों की समस्या को सुनकर त्वरित निराकरण का निर्देश दिया है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी कोटा नूपुर उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोटा सुमित कुमार एवं अन्य स्टाफ के साथ दिनांक 10 एवं 12 अप्रैल को ग्राम झिंगटपुर, सेमरिया, जोगीपुर, लारीपारा, गनियारी जाकर ग्राम सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, कोटवार की उपस्थिति में ग्राम में निवासरत लोगों की समस्याओं को सुनकर त्वरित निराकरण किया गया। उक्त ग्रामों में समस्याओं के निराकार हेतु समस्या निदान पेटी रखी गई है, जहां प्रति दिवस ग्रामवासियों की समस्या के निवारण हेतु थाना कोटा के अधिकारी, कर्मचारी प्रतिदिवस ग्राम भ्रमण कर समस्या का निवारण कर सकेंगे। इस मौके पर राज सिंह, रवींद्र मिश्रा एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# कांग्रेस पार्षद 6 वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित

**मुंगेली।** नगर पालिका परिषद में उपाध्यक्ष पद पर हुए क्रास वोटिंग मामले में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कड़ा कदम उठाते हुए गांधी वार्ड के पार्षद को 6 वर्षो के लिए निष्कासित कर दिया।



उल्लेखनीय है कि 22 सीटों वाली नगर पालिका परिषद में कांग्रेस के 11 पार्षद और अध्यक्ष पद पर कांग्रेस का कब्जा होने के बावजूद भी कांग्रेस का उपाध्यक्ष नहीं बन पाने से जिला अध्यक्ष श्री वर्मा ने फेक्ट फाइंड कमेटी का गठन किया था। जिसमे दिलीप कौशिक को बतौर संयोजक एवं संजय यादव और स्वतंत्र मिश्रा को जांच कमेटी का सदस्य बनाया था। जिन्होंने तथ्यों की जांच कर अपनी रिपोर्ट जिलाध्यक्ष को सौपा था। जिसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए उक्त कार्यवाही की गई और गांधी वार्ड के पार्षद पर निष्कासन की गाज गिरी। बतौर जिला अध्यक्ष की कमान सम्हालते ही श्री वर्मा ने अपना रुख जाहिर किया था कि पार्टी विरोधी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दिल्ली अधिवेशन के बाद हुए इस कार्यवाही को देखते हुए आगे भी ऐसे कड़े निर्णय सामने आने की संभावनाएं बरकरार हैं।

# सीएम साय से मिले विधायक धर्मजीत साझा की विभिन्न जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास पर मुलाकात कर हनुमान जन्मोत्सव की बधाई दी। साथ ही धर्मजीत सिंह ने तखतपुर क्षेत्र में हुए त्रिस्तरीय पंचायत व जनपद पंचायत चुनावों में निर्विरोध अध्यक्ष व जिला पंचायत उपाध्यक्ष बनने पर विस्तार से जानकारी दी।

साथ ही उन्होंने सीएम को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों को प्रदेश व केंद्र की योजनाओं का लाभ दिलाने, एवं संगठन के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा किए जा रहा अभूतपूर्व कार्यों की भी विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले, भाजपा नेता सौरभ पांडेय, युवा नेता प्रमोद ठाकुर, राहुल तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।




मुख्यमंत्री साय से मुलाकात करते विधायक।

# आप प्रदेश प्रभारी से मिले बोदरी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि

**बिलासपुर।** नगर पालिका बोदरी के अध्यक्ष प्रतिनिधि व सभापति विजय वर्मा ने शनिवार को रायपुर में राज्यसभा सांसद व आम आदमी पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी संदीप पाठक से नगरीय निकायों में जीत के बाद पहली बार मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान प्रभारी संदीप पाठक ने विजय वर्मा को जीत की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी संगठन बढ़ाने एवं जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। सांसद संदीप पाठक ने सभी चुने हुए जनप्रतिनिधियों को दिल्ली आकर राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करने व पंजाब भ्रमण हेतु आमंत्रित किया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू, प्रदेश संगठन मंत्री जसबीर सिंह चावला, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला, सूरज उपाध्याय, बोदरी सभापति श्याम आर्य,भावना आशीष खत्री, डॉली दीपक जगवानी, राजेश शर्मा, रवि खत्री, अजय कलवानी, हितेश आहूजा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।






























## खबर संक्षेप

### स्कूल बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बस ड्राइवर ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर ही बाइक चालक की मौत हो गई। कोटा पुलिस के अनुसार, ग्राम नेवसा निवासी मेलाराम नेताम की बेटी ईश्वरी, दमाद दवनपुरी निवासी दुर्गा मरावी बच्चों के साथ 15 दिन पहले उनके घर आए थे। शुक्रवार को उनका दमाद दुर्गा मरावी मोबाइल बनवाने के लिए बाइक क्रमांक सीजी 10 एवाय, 9044 पटैता जा रहे थे। पटैता के पास सामने से आ रहे स्कूल बस क्रमांक सीजी 13 क्यू, 0626 के ड्राइवर ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मारकर भाग गया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ससुर मेलाराम नेताम की रिपोर्ट पर बस ड्राइवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सगाई के एक दिन पहले युवती ने लगाई फांसी

**बिलासपुर।** सगाई के एक दिन पहले शिक्षक की बेटी ने घर के



स्टोर रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिससे घर में मातम छा गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिम्स चौकी प्रभारी गुलाब सोनवानी ने बताया, गनियारी निवासी रामेश्वर गुप्ता पथर्रा स्कूल में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ हैं। उनकी बेटी शिवांगी गुप्ता 30 साल की शादी तय हो गई थी और 12 अप्रैल को बिलासपुर में सगाई का कार्यक्रम होना था। 11 अप्रैल की रात वह परिवार के साथ बैठकर खाना खाई और सोने के लिए कमरे में चली गई। रात 3 बजे घरवाले उठकर देखे तो शिवांगी अपने कमरे में नहीं थी। उन्होंने घर में खोजबीन की तो स्टोर रूम के पंखे में पर फांसी पर लटकी मिली। आनन फानन में फंदा खोलकर इलाज के लिए सिम्स लेकर आए। जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### चाकू से हमला, फरार युवक ने किया सरेंडर

**बिलासपुर।** भाई को लेने स्कूल के गए युवक के साथ युवकों ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया था। फरार एक हमलावर ने थाने में सरेंडर कर लिया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 4 माह पहले श्रीजल कश्यप ने अपने भाई को लेने लोयला स्कूल गए थे। इसी दौरान बाहर में खड़े युवकों ने उन्हें बुलाकर मारपीट करते हुए चाकू से जान लेवा हमला कर दिया गया। शनिवार को मामले में फरार सरकण्डा मोपका निवासी आयुष यादव थाने में उपस्थित होकर सरेंडर कर दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। इसके पहले एक नाबालिग सहित 5 हमलावरों को गिरफ्तार किया गया था।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
■ कमर
■ जांघ,
■ आर्म
■ वक्ष स्थल
■ शरीर के अन्य हिस्सों का लेजर द्वारा लाइपोसक्शन
कॉल : 9827143060/8871003060

**कार्यालय के सामने लबालब भरा पानी** | **रजिस्ट्री कार्य से आए पक्षकारों को हो रही परेशानी**

# जमीन रजिस्ट्री कराने उप पंजीयक कार्यालय मस्तूरी जाना है तो तैरकर जाइए

**बिलासपुर।** यदि जमीन की रजिस्ट्री कराने मस्तूरी उप पंजीयक कार्यालय जाना हो तो पानी में तैरकर जाना पड़ेगा, यह सुनने में अजीब सा लगता है। लेकिन यह सच है मस्तूरी उप पंजीयक कार्यालय एक तो तालाब से लगकर बना है, उसके बगल में नहर है। तालाब और नहर का पानी उप पंजीयक कार्यालय भवन के सामने लबालब भरा रहता है, जिससे जमीन रजिस्ट्री कराने वाले पक्षकारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इन दिनों गर्मी में भी मस्तूरी उप पंजीयक कार्यालय के सामने बरसात के मौसम की तरह नजारा दिखाई दे रहा है, क्योंकि उप पंजीयक कार्यालय भवन के सामने लबालब पानी भरा हुआ है और भवन के चारों तरफ पानी फैला हुआ है। इससे मस्तूरी उप पंजीयक कार्यालय जमीन रजिस्ट्री कराने आने वाले पक्षकारों को पानी व कीचड़ की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पक्षकारों को पानी में उतरकर उप पंजीयक कार्यालय भवन रजिस्ट्री कराने पहुंचना पड़ रहा है और जमीन रजिस्ट्री कार्य पूर्ण होने के बाद फिर से पानी में उतरकर उन्हें कार्यालय से बाहर आने दोबारा भीगना पड़ता है। असल में माजरा यह है कि मस्तूरी में उप पंजीयक कार्यालय शासकीय तालाब से लगे हुए जमीन में बना है, इसलिए तालाब में जब पानी भरता है तो उप पंजीयक कार्यालय के सामने पानी भर जाता है। उसके अलावा उप पंजीयक कार्यालय के बगल से ही खारंग का नहर लाइन गया है। इस नहर का पानी तालाब से होते हुए उप पंजीयक कार्यालय के सामने भर गया है, जिससे वहां पर समस्या खड़ी हो गई है और जमीन रजिस्ट्री कराने जो लोग आ रहे हैं उन्हें इस परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



मस्तूरी उप पंजीयक कार्यालय परिसर में नहर व तालाब का पानी भर गया। कीचड़ व पानी से पक्षकार हो रहे परेशान।

### उप पंजीयक कार्यालय में हो रही है रजिस्ट्री

नए आदेश के बाद से बिल्हा, मस्तूरी और कोटा तहसील अंतर्गत जमीनों की रजिस्ट्री उन्हीं तहसील स्थित उप पंजीयक कार्यालय में हो रही है। जमीन रजिस्ट्री कराने वाले लोगों को रजिस्ट्री कराने संबंधित उप-पंजीयक कार्यालय में ही जाना पड़ रहा है। अतिरिक्त शुल्क देने से बचने के लिए लोगों को मजबूरी में वहां जाना पड़ रहा है। इसका प्रभाव बिलासपुर में पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग स्थित पंजीयन कार्यालय में दिखाई दे रहा है और कार्यालय में पहले की तरह उतनी अधिक भीड़ नहीं रहती है।

### मस्तूरी एसडीएम को दी गई है जानकारी

जमीन रजिस्ट्री कराने मस्तूरी उप पंजीयक कार्यालय जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुझे भी जानकारी मिली है कि उप पंजीयक कार्यालय के सामने तालाब, नहर का पानी भर गया है। इस समस्या के संबंध में मस्तूरी एसडीएम को बताया गया है ताकि उसका निराकरण हो सके।

-**राजीव स्वर्णकार**, जिला पंजीयक

### पत्र लिखकर कराया गया है अवगत

उप पंजीयक कार्यालय के सामने पानी भरा हुआ है क्योंकि तालाब और नहर कार्यालय से लगा हुआ और वहां का पानी चारों तरफ भर गया है। इससे रजिस्ट्री कराने आने वालों को असुविधा हो रही है। इस संबंध में मुख्यालय को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है।

-**यूएस राठौर**, उप पंजीयक, मस्तूरी

**गंभीर मरीजों को हायर सेंटर शिफ्टिंग के लिए एंबुलेंस की मारामारी**

# 836 बेड का सिम्स, एंबुलेंस दो, कैसे बचेगी जान?

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संभाग के सबसे बड़े 836 बिस्तरों वाले अस्पताल सिम्स में गंभीर मरीजों को रायपुर या कहीं भी अन्य हायर सेंटर भेजने के लिए सिर्फ दो बीएलएस एंबुलेंस उपलब्ध हैं।

■ **अन्य उपलब्ध एंबुलेंस में सिर्फ आक्सीजन**

सिम्स परिसर में खड़ी बेसिक लाईफ सपोर्ट विशेषता वाली ये दोनों एंबुलेंस वही हैं, जिन्हें बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भी तैनात किया गया था। सूत्रों के अनुसार इन एंबुलेंस को हासिल करने के लिए मरीज का वीआईपी होना जरूरी है, लेकिन सिम्स प्रशासन का दावा है कि मरीज की गंभीरता को देखते हुए ये एंबुलेंस उन्हें भी उतनी ही तत्परता से उपलब्ध कराए जाते हैं, जितनी तत्परता से प्रधानमंत्री के लिए तैनात किए गए थे।

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान संभाग का सबसे बड़ा अस्पताल है, लेकिन सर्व सुविधायुक्त एंबुलेंस की उपलब्धता के मामले में यह अभी भी पीछे है। सिम्स के पास फिलहाल दो बीएलएस एंबुलेंस हैं, जिसे ट्रामा यूनिट भी कहा जा सकता है। इस एंबुलेंस में गंभीर मरीज को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल ले जाते समय आवश्यक सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। तत्कालीन सांसद अरूण साव द्वारा प्रदान किए गए बीएलएस एंबुलेंस में एक साथ दो गंभीर मरीजों को शिफ्ट करने की सुविधा है। पूर्णतः वातानुकूलित इस एंबुलेंस में वेंटिलेटर उपलब्ध है, जो गंभीर मरीज को सुरक्षित हायर सेंटर तक पहुंचाने की क्षमता रखता है। इसी तरह यहां उपलब्ध दूसरे एंबुलेंस में भी लगभग यही खूबियां, लेकिन इसमें मरीज ले जाने की क्षमता सिर्फ एक की ही है। दिक्कत यह है कि किसी कारणवश यदि एक ही दिन में ऐसे दो मरीज जो सिम्स में वेंटिलेटर में भर्ती हैं, जिन्हें ईलाज के लिए रायपुर या अन्यत्र हायर सेंटर भेजना है तो मरीज की जान आफत में पड़ जाएगी। सिम्स में उपलब्ध तीसरी एंबुलेंस सामान्य एंबुलेंस है, जिसमें सुविधा के नाम पर सिर्फ आक्सीजन की ही व्यवस्था है। जो गंभीर मरीजों को हायर सेंटर शिफ्ट करने में सक्षम नहीं है।

हालांकि सामान्य एंबुलेंस की बात की जाए तो 108 की सुविधा पूरे प्रदेश में है, जो सामान्य रूप से अस्वस्थ मरीजों द्वारा कॉल करने के कुछ समय बाद ही उपलब्ध हो जाती है।





**जल्द मिलेगी एसीएलएस एंबुलेंस**

सिम्स को बहुत जल्द एक एडवांस्ड कार्डियक लाईफ सपोर्ट वाली हाईटेक एंबुलेंस उपलब्ध हो जाएगी। बीते दिनों प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसकी स्वीकृति सिम्स को प्रदान की है। 60 लाख रूपये लागत वाली यह एंबुलेंस आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं से लैस होगी। इस एंबुलेंस में वेंटिलेटर के अलावा प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ व टेक्निकल अमला भी मौजूद होगा। सिम्स प्रशासन के अनुसार इसकी खरीदी अतिशीघ्र की जाएगी।

### एसीएलएस एंबुलेंस की जल्द होगी खरीदी

सिम्स में वीआईपी मरीजों को ही एंबुलेंस उपलब्ध होने जैसी कोई बात नहीं है। यहां मरीज की गंभीरता व एंबुलेंस की उपलब्धता के आधार पर प्रत्येक मरीज को एंबुलेंस उपलब्ध कराया जाता है। मेरे कार्यकाल में एक भी केस ऐसा नहीं है, जिसमें एंबुलेंस के होते हुए किसी गंभीर मरीज को इसकी सुविधा न मिली हो। एक नए एसीएलएस एंबुलेंस की स्वीकृति मिली है, जिसकी खरीदी अतिशीघ्र की जाएगी।

**-डॉ. रमणेश मूर्ति**
डीन सिम्स

**15 अप्रैल को होगा सभापति का चुनाव**

## जिपं सभापति चुनाव मैदान में उतारे जाएंगे उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला पंचायत में विभिन्न स्थायी समितियों के सभापति व सदस्य के लिए 15 अप्रैल को चुनाव होना है। इसमें कांग्रेस भी अपना उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है। इसके लिए कांग्रेस की ओर से तीन सदस्यीय कमेटी भी बनाई गई है।

जिला पंचायत में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के चुनाव एवं पदभार ग्रहण के बाद अब केवल विभिन्न स्थायी समितियों के सभापति और सदस्यों का चुनाव बाकी है। सभापति, सदस्यों के चुनाव की तिथि भी घोषित कर दी गई है और 15 अप्रैल को चुनाव होना है। कांग्रेस स्थायी समितियों के सभापति के चुनाव में भी अपना उम्मीदवार उतारने की तैयारी कर रही है। इसके लिए रणनीति बनाई जा रही है। हालांकि जिला पंचायत में भाजपा का बहुमत है और अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष भी भाजपा के ही जीतकर आए हैं। लेकिन कांग्रेस के भी सदस्यों की संख्या भाजपा से केवल एक या दो ही कम पड़ रहे हैं। इसलिए कांग्रेस स्थायी समितियों के सभापति के चुनाव को एकतरफ भाजपा के लिए छोड़ना नहीं चाहती है। इसलिए कांग्रेस द्वारा तीन सदस्यीय निर्वाचन दायित्व कमेटी भी बनाई गई है जो पूरे सभापति निर्वाचन प्रक्रिया पर नजर रखेगी। स्थायी समितियों में सभापति पद के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार कौन-कौन जिला पंचायत सदस्य होंगे, इसका अभी खुलासा नहीं किया गया है।



# एयू गेट के सामने छात्रों ने मुंडन कराकर जताया विरोध

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी मेनगेट के सामने शनिवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने अपना सिर मुड़ाकर विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई कार्यकर्ता पिछले दस दिनों से यूनिवर्सिटी के खिलाफ मोर्चा खोलकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और यूनिवर्सिटी प्रबंधन पर भ्रष्टाचार, अनियमितता का आरोप लगा रहे हैं।

■ **यूनिवर्सिटी के खिलाफ पिछले 10 दिनों से कर रहे प्रदर्शन**

एनएसयूआई ने अटल यूनिवर्सिटी प्रबंधन खिलाफ टेंडर एवं भर्ती को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि यूनिवर्सिटी में छात्र निधि का दुरूपयोग हो रहा है। यूनिवर्सिटी की छवि धूमिल करने और छात्रहितों की अनदेखी करने वालों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को जल्द ही माना नहीं गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

प्रदर्शकारियों ने आज यूनिवर्सिटी मेनगेट के सामने जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया और एनएसयूआई के चार कार्यकर्ताओं ने अपना सिर भी मुंडाया। एनएसयूआई द्वारा छात्र निधि की लेखा जोखा सार्वजनिक करने और यूनिवर्सिटी के खिलाफ किसी उच्च स्तरीय एजेंसी से जांच कराने की मांग की जा रही है। इस विरोध प्रदर्शन करने वालों में एनएसयूआई प्रदेश सचिव रंजेश सिंह, पुष्पराज साहू, प्रदीप सिंह, करन यादव, सुमित ठाकुर, पंकज सोनवानी, जित्तू ठाकुर, ओमप्रकाश, राहुल, राजा, वेद राजपूत, कार्तिक साहू, अंशु गोस्वामी, विशाल साहू, गज्जू यादव, विकास यादव, जानू ठाकुर, गज्जू यादव, विकास यादव, राज चौहान आदि शामिल रहे।



एयू मुख्य गेट के सामने मुंडन कराते एनएसयूआई कार्यकर्ता।

### कार की टक्कर से युवक की मौत

**बिलासपुर।** रायपुर से लौटने के दौरान कार की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है। कोनी टीआई किशोर केंवट ने बताया, सूरजपुर निवासी शेष कुमार पिता तुलसाय 46 साल अपने अन्य 15 साथियों के साथ दो बोलेरों से रायपुर गए थे। काम निपटाने के बाद रात में सूरजपुर लौट रहे थे। रात 10 बजे गतौरी नीलम ढाबा में रूककर फ्रेस हो रहे थे। इसी दौरान शेष कुमार दूसरे साइड में जाने सड़क पर कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मारकर भाग निकला। दोस्तों ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया है।

### आपसी विवाद में युवक पर लाठी से हमला

**बिलासपुर।** आपसी में तीन युवकों ने एक युवक के साथ जमकर लाठी से मारपीट कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, 7 अप्रैल को उसलापुर निवासी राकेश टण्डन को मोहल्ले में रहने वाले छोटू रात्रे, मनीष रात्रे, महेश उर्फ गोपी रात्रे ने विवाद के चलते लाठी से मारपीट किया था। उत्तरा कुमार टण्डन बीच बचाव करने गए तो उनके साथ मारपीट किया गया। घायल राकेश टण्डन को सिम्स में भर्ती कराया गया है।

## मामूली विवादों में अलग-अलग चार लोगों पर चाकू से हमला, हमलावर पकड़ से बाहर

**बिलासपुर।** मामूली विवादों में अलग-अलग चार लोगों पर चाकू से हमला कर दिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, बाजपेयी ग्राउंड के सामने सुलभ शौचालय में काम करने वाला रामखिलावन जायसवाल ने 11 अप्रैल को सुबह 6 बजे शौचालय खोला।

इसी दौरान शरद जलपान गृह का कर्मचारी मालिक दास नहाकर जाने लगा। उसने 5 रुपए शुल्क मांगा तो मालिक दास ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। दूसरी घटना में कुदुदण्ड एसबीटी कालेज के पास रहने वाले विजय सिंह ठाकुर पिता यशवंत सिंह ठाकुर राजीव प्लाजा में मोबाइल दुकान चलाते हैं। 10 अप्रैल को रात 10.30 बजे आटो से घर जा रहे थे। मंगला बजरंग चौक के पास गीतांजली पार्क निवासी राहुल बंजारे एक अन्य साथी के साथ आया और पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके कमर व सिर में चोट आई है।

■ **सिविल लाइन, सिरगिट्टी, रतनपुर में हुई वारदात**

तीसरी घटना में सिरगिट्टी बन्नाक चौक निवासी स्वप्निल गुप्ता पिता राकेश गुप्ता 10 अप्रैल को चौक में चना ठेला लगाया था। रात 8.30 बजे चौक के पास रहने वाला शुभम केंवट उधारी में चना मांगने लगा। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया। चौथी घटना में रतनपुर चोरहादेवरी निवासी छवि शिकारी पिता धूपत शिकारी 10 अप्रैल को घर में पीढ़ी पूजा हो रही थी। रात्रि में सड़क में चटाई लगाकर मेहमानों को खाना खिला रहे थे। इसी दौरान गोबरीपाट निवासी सम्मी शिकारी तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए आया। छवि ने उसे तेज गति से बाइक चलाने से मना किया तो सम्मी शिकारी ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे उनके कमर, पेट, कुल्हे में चोट आई है। पुलिस ने चारों मामले में हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। एक भी मामले में हमलावरों को पुलिस नहीं पकड़ पाई है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया, डायरेक्टर, MBBS,MS, नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया, को-डायरेक्टर, MBBS,MS, नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा ● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

हरिभूमि आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## युवती ने की खुदकुशी की कोशिश, मामा-भांजा गिरफ्तार

**बिलासपुर।** अनाचार करने के बाद फिर से मिलने के लिए परेशान करने पर युवती ने जहर खाकर खुदकुशी करने की कोशिश कर ली। उसके बाद भी परेशान करने पर पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने भांजा मामा को गिरफ्तार कर लिया है।



रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, बिलासपुर की रहने वाली एक युवती की अमेरी निवासी सोनराज बंजारे उर्फ सोनू पिता श्रीराम बंजारे से जान पहचान थी। दोनों आपस में मिलते व मोबाइल में बातचीत करते थे। इसी दौरान सोनराज को उससे प्रेम हो गया। युवती ने इनकार कर उससे बातचीत करना बंद कर दिया था। मार्च 2024 को सोनराज बंजारे अपने भांजा डिंडारी झलरी चचेड़ी निवासी राजेश्वर बघेल पिता हेमंत बघेल 19 साल के साथ युवती को बहला फुसलाकर बाइक से घुमाने के लिए रतनपुर लेकर गए और खंडोबा मंदिर के आसपास सुनसान जगह में बलपूर्वक सोनराज बंजारे ने युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाया और लौट गए। युवती ने घटना की जानकारी किसी को नहीं दी। उसके बाद सोनराज बंजारे युवती से मोबाइल में संपर्क कर फिर से मिलने के लिए बुलाने लगा। युवती ने मना कर दिया। इस पर युवक ने युवती के मोबाइल में वीडियो काल किया और नहीं मिलने पर हंसिया दिखाकर आत्महत्या कर लेने की धमकी देने लगा। उसके डर से युवती ने जहर खा लिया था। परिजन ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। स्वस्थ होने पर युवती ने घटना की जानकारी अपने माता-पिता को दी। 25 मार्च 2025 को पीड़िता ने रतनपुर थाने रिपोर्ट लिखाई थी। 4 अप्रैल को पुलिस ने फरार आरोपी सोनराज बंजारे व सहयोगी भांजा राजेश्वर बघेल को गिरफ्तार कर लिया है।

### 45 लीटर महुआ शराब सहित कोचिया गिरफ्तार

रतनपुर पुलिस ने महिला स्व सहायता समूह की सूचना पर जूनाशहर कोरबाभांवर निवास सूरज मरावी उर्फ सूर्या पिता सुधवार सिंह 27 साल के घर में दबिश देकर 45 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने शराब जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

सुयश हॉस्पिटल (NABH से मान्यता प्राप्त)
किडनी रोग विभाग
▸ किडनी फेलयर (ARF/CRF)
▸ डायलिसीस
▸ बच्चों की किडनी की समस्त प्रकार की बीमारी
▸ नेफ्रोटिक सिंड्रोम
▸ हाई बीपी (HIGH BP)
▸ PCNL
▸ AV FISTULA
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411